दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 06 | जयपुर | शुक्रवार, 08 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## ट्रम्प सरकार में काश पटेल बन सकते हैं सीआईए चीफ

### ट्रम्प के वफादारों में होती है गिनती; विवेक रामास्वामी को भी मिल सकती है जगह



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो बाइडेन से चुनाव हार गए थे। पद छोड़ने से पहले ट्रम्प अहम सरकारी पदों पर अपने लोगों को बैठाने की कोशिश में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने अपने खास वफादार को रक्षा मंत्रालय में बड़े पद पर अपॉइंट करना चाहा। हालांकि उनकी ये कोशिश कामयाब नहीं हुई।

दरअसल, चुनाव हारने के बाद कमजोर हो चुके ट्रम्प को तत्कालीन जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मिली ने चेतावनी दी कि अगर वे ऐसा करते हैं तो वे इस मामले को अदालत तक ले जाएंगे। कुछ समय बाद ट्रम्प ने उसी शख्स को एफबीआई का डिप्टी डायरेक्टर बनाने की कोशिश की, लेकिन तब अटॉर्नी जनरल बिल बार ने धमकी दी कि ऐसा उनकी लाश पर ही हो पाएगा। ट्रम्प इस बार भी नाकाम रहे। ट्रम्प ने एक बार फिर उसी शख्स को सीआईए का डिप्टी डायरेक्टर बनाना चाहा।

## सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती नियमों को बीच में नहीं बदला जा सकता : न्यायालय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के नियमों में बीच में तब तक बदलाव नहीं किया जा सकता जब तक कि ऐसा निर्धारित न किया गया हो। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्धारित किए जा चुके नियमों से बीच में छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि पारदर्शिता और गैर-भेदभाव सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया की पहचान होनी चाहिए तथा बीच में नियमों में बदलाव करके उम्मीदवारों को हैरान-परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 दिन में तीसरा एनकाउंटर

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर के अंतर्गत सागीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है। जानकारी के अनुसार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। इससे पहले बीते बुधवार बांदीपोरा और कुपवाड़ा इलाके में भी सेना का सामना आतंकियों से हुआ था। यह मुठभेड़ कुपवाड़ा के लोलाब में शुरू हुई। ऐसी सूचना थी कि इलाके में तीन आतंकी मौजूद थे। जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया और एक आतंकी को ढेर कर दिया। इससे पहले सेना ने बांदीपोरा में भी सर्च ऑपरेशन चलाया।



## जयपुर में प्रदूषण का स्तर बढ़ा, मानसरोवर और सीतापुर रेड तो पुलिस कमिश्नरेट और शास्त्री नगर ऑरेंज जोन में पहुंचा

जयपुर। राजधानी जयपुर में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। मानसरोवर और सीतापुर रेड जोन में पहुंच गया है तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट और शास्त्री नगर ऑरेंज जोन में पहुंच गया है। गुरुवार को सर्वाधिक प्रदूषण मानसरोवर क्षेत्र में दर्ज किया गया है। मानसरोवर क्षेत्र में 346 एक्यूआई, शास्त्री नगर में 270 एक्यूआई पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में 252 एक्यूआई, सीतापुरा में 301 एक्यूआई, आदर्श नगर में 185 एक्यूआई और मुरलीपुरा में 186 एक्यूआई पर रहा है। दीपावली से पहले ही प्रदूषण के स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है।

## राजस्थान की सातों सीटों पर भाजपा करेगी बेहतर प्रदर्शन : सीपी जोशी

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी आज जोधपुर दौरे पर रहे. इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी संगठन के पदाधिकारियो से मुलाकात की और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में 7 सीटों पर हो रहे उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और इस बार के चुनाव ऐतिहासिक चुनाव होने जा रहे हैं, जहां कभी भारतीय जनता पार्टी का कमल नहीं खिला वहां भी इस बार कमल खिलने जा रहा है. सीपी जोशी ने कहा कि पिछले 10 महीने में राजस्थान सरकार और केंद्र में मोदी की सरकार ने जिस तरह से जनहित के कार्य किए हैं , उससे जनता में सकारात्मक माहौल है और निश्चित रूप से इसका असर चुनाव के परिणाम में नजर आएगा। भारतीय जनता पार्टी और के संगठन और सत्ता के बीच मतभेद के सवाल पर उन्होंने कहा कि सत्ता और संगठन के बीच किसी प्रकार का कोई मनभेद या मतभेद नहीं है। सभी मिलकर काम कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, वह विचार के आधार पर चलती है. वही जल जीवन मिशन में पूर्व मंत्री महेश जोशी के खिलाफ मामला दर्ज होने के सवाल पर सीपी जोशी ने कहा कि यदि कोई निर्दोष है तो उसे डरने की आवश्यकता नहीं है, भले ही किसी भी एजेंसी से जांच करवाई जाए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर जल पहुंचने के लिए जल जीवन मिशन शुरू किया था, लेकिन क्या कारण रहा कि राजस्थान में आज भी कई घर इस योजना के लाभ लेने से वंचित है।

## जेट एयरवेज के फिर से शुरू होने की संभावना खत्म

### सुप्रीम कोर्ट ने एयरलाइन की सभी संपत्तियों को बेचने का आदेश दिया, 2019 से बंद है एयरलाइन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जेट एयरवेज अब कभी शुरू नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार 7 नवंबर को जेट एयरवेज को लिक्विडेट करने का आदेश दे दिया। लिक्विडेशन का मतलब है- किसी कंपनी की परिसंपत्तियों को जब्त करके उन्हें बेचने से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल उसके कर्ज और देनदारियों को चुकाने में करना।

अदालत ने इस आदेश में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के फैसले को पलट दिया। एनसीएलएटी ने मार्च में समाधान योजना (एयरलाइन को संकट से उबारने) के तहत जेट एयरवेज का मालिकाना हक जालान-कालरॉक कंसोर्टियम को देने का फैसला सुनाया था।

बता दें कि आर्थिक संकट की वजह से जेट एयरवेज का ऑपरेशन 2019 से बंद है। उस वक्त एयरवेज पर कई बैंकों का 4783 करोड़ का कर्ज था। सबसे ज्यादा लोन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने दिया था। एयरलाइन के घाटे में जाने के बाद बैंकों ने दिवालिया की कार्रवाई शुरू की थी। समाधान योजना के तहत छ्यष्ट को मालिकाना हक मिलना था। इसके खिलाफ बैंकों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऋणदाताओं और





कर्मचारियों के हित में फैसला सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि लिक्विडेशन इसके ऋणदाताओं और कर्मचारियों के हित में होगा, क्योंकि जालान-कालरॉक कंसोर्टियम मंजूरी के 5 साल बाद भी समाधान योजना को लागू करने में विफल रहा है। अदालत ने अजीब और चिंताजनक परिस्थिति के मद्देनजर जेट एयरवेज के लिक्विडेशन का आदेश देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल किया।

दरअसल, समाधान योजना के अनुसार जालान-कलरॉक कंसोर्टियम को 4783 करोड़ रुपए का भुगतान करना था। पहली किश्त में 350 करोड़ रुपए देने थे, जिसमें कंसोर्टियम 200 करोड़ रुपए ही दे पाई थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी, मुंबई को लिक्विडेटर की नियुक्ति का आदेश दिया है।

## सोने-चांदी की कीमतों में आई रिकॉर्ड गिरावट

### 7 दिन में 3200 रु टूटे सोने के दाम, चांदी हुई 8400 रु सस्ती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अमेरिका में आई राजनीतिक स्थिरता की वजह से सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट आई है। दीपावली पर रिकॉर्ड तेजी के बाद अब भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में दीपावली के 7 दिन बाद गुरुवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत 3200 रुपए घटकर 78 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में 8400 रुपए की कमी आई है। इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत घटकर 93 हजार रुपए पर पहुंच गई है।

जयपुर के सर्राफा व्यापारी राकेश खंडेलवाल ने बताया- दुनियाभर में अमेरिका के चुनाव से पहले अस्थिरता का माहौल था। इसकी वजह से वैश्विक तौर पर कीमती धातुओं की डिमांड बड़ी हुई थी। लेकिन अमेरिका के चुनाव में ट्रंप की एक तरफ जितने वैश्विक बाजार में स्थिरता ला दी है। इससे न सिर्फ शेयर बाजार में तेजी आई है। बल्कि, सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला भी शुरू हो गया है। यह गिरावट अगले एक सप्ताह तक जारी रह सकती है। हालांकि इसके बाद भारतीय बाजार में वेडिंग सीजन शुरू होने से एक बार फिर तेजी का दौर देखने को मिल सकता है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78 हजार 800 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 73 हजार 200 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 59 हजार 800 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 47 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है।

## हरियाणा में एचसीएस अधिकारी पर यौन शोषण का आरोप : पीड़ित बोला- एसडीएम ने गनपॉइंट पर प्राइवेट पार्ट की मसाज कराई; वीडियो शेयर किया

**हिसार।** हरियाणा में एसडीएम के पद पर तैनात एचसीएस अधिकारी पर दलित समाज के व्यक्ति ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने एससी आयोग, सीएम विंडो, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश को लिखित शिकायत भेजकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने बताया है कि वह मसाज करने का काम करता है। आरोपी अधिकारी ने मसाज करवाने के बहाने प्राइवेट पार्ट में मसाज करवाई और विरोध करने पर पिस्तौल से डराया। लेटर के साथ पीड़ित ने एक वीडियो भी उच्च अधिकारियों को भेजा है, जिसमें अधिकारी उसके साथ गलत काम करता हुआ दिख रहा है।





## इजराइल ने बेरूत एयरपोर्ट पर बमबारी की : दो दिन में 100 लोगों की मौत; हिजबुल्लाह चीफ कासिम बोला- सीजफायर के लिए तैयार

बढ़ता राजस्थान

**बेरूत ( एजेंसी )।** इजराइल ने बुधवार को लेबनान की राजधानी बेरूत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इसके अलावा बेरूत के अलग-अलग हिस्सों और बेक्का घाटी में भी हवाई हमले किए। इन हमलों में 40 ज्यादा लोगों की मौत हुई है वहीं 50 से ज्यादा घायल हैं।

हमले से पहले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने एयरपोर्ट और उसके आस-पास के इलाके को खाली करने के लिए कहा था। बेरूत में हमले के दौरान आईडीएफ ने हिजबुल्ला के कमांड सेंटर और हथियार डिपो को निशाना बनाने का दावा किया है।

इससे पहले मंगलवार देर रात को भी इजराइल ने लेबनान के बारजा शहर में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग पर एयरस्ट्राइक की थी। इसमें करीब 30 लोग मारे गए थे। हमले से पहले आईडीएफ ने कोई चेतावनी भी नहीं दी थी।

दूसरी तरफ गाजा में भी इजराइली सेना बेइत लाहिया तक पहुँच गई है। अभी तक आईडीएफ वहां सिर्फ बमबारी कर रही थी। इजराइल के मुताबिक इस इलाके में एक बार फिर हमास के आतंकी इकट्ठा होना शुरू हो गए हैं।

### लेबनान में 3 हजार से ज्यादा की मौत

इजराइली हमलों से पिछले एक साल में लेबनान के 3 हजार से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले 6 हफ्तों से जारी इजराइल-लेबनान जंग में मारे गए हैं। जंग की वजह से लेबनान के 10 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है।



ज्यादातर लोग रिलिफ कैंप में शरण लिए हुए हैं। अब इन कैंप में भी जगह नहीं बची है। लिहाजा, समंदर के किनारे टेंट लगाकर लोगों को अस्थायी तौर पर रखा गया है।

दूसरी तरफ हिजबुल्लाह चीफ नईम कासिम ने बुधवार को इजराइल के साथ सीजफायर के लिए बातचीत की इच्छा जताई। उसने बातचीत से पहले इजराइली हमलों को रोकने के लिए कहा है।

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव 2024, होम वोटिंग- 5 विधानसभा क्षेत्रों में पहला चरण पूरा

### अब तक लक्षित 2,983 बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाताओं में से 2,882 ने मतपत्र से वोट डाले

जयपुर।

राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव के लिए 7 क्षेत्रों में से 5 रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान (होम वोटिंग) की प्रक्रिया का पहला चरण गुरुवार को पूरा हो गया है। झुंझुनू और सलूम्बर में शुक्रवार को भी होम वोटिंग की जाएगी। बीते सोमवार से शुरू हुई इस प्रक्रिया में प्रथम चरण में अब तक कुल 2,882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# दुष्कर्म के बाद युवती का विडियो डाला सोशल मीडिया पर

## भाई ने विडियों देखकर कराया थाने में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गांधी नगर थाना इलाके में एक युवती से दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर बहन का अश्लील विडियो देखकर युवक अपनी बहन के साथ थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि युवती ने शिकायत दी है कि एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह अश्लील वीडियो एक वॉट्सऐप ग्रुप पर आया। इसमें पीड़िता का भाई भी जुड़ा हुआ था। भाई ने बहन को वीडियो के बारे में जानकारी दी। आरोपी ने वीडियो में केवल पीड़िता को दिखाया। खुद को छिपा लिया। वीडियो वायरल करने पर पीड़िता ने फोन किया तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित लड़की गांधी नगर थाने पहुंची। युवक के खिलाफ गांधी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है।

# बनवारी लाल विजय को स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मीडिया प्रभारी के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजय वर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान, जयपुर (रजिस्टर्ड) द्वारा बांदीकुई के बनवारी लाल विजय को मीडिया प्रभारी के रूप में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान समारोह संस्था के विभिन्न प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष डॉ. दिनेश दुब्बी, गिरधर विजय, मुरारी लाल, हर्ष, सुरेंद्र, राकेश, मनोज तालचिड़ी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बनवारी लाल विजय के समर्पण और मेहनत की सराहना की, जिससे संस्था की गतिविधियों को मीडिया में उचित स्थान मिला है। विजय के कार्यों ने न केवल संस्था की प्रतिष्ठा में वृद्धि की है, बल्कि खेल और खिलाड़ियों को समाज में बेहतर पहचान भी दिलाई है।

# राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन कल

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा जिला स्तरीय इंवेस्टर्स मीट कार्यक्रम

### जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों के लिए 205 निवेश एमओयू होंगे साइन

### 45 हजार करोड़ से अधिक के निवेश करारों (एमओयू) पर होंगे हस्ताक्षर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 45 हजार करोड़ के 205 निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर होंगे, जिससे 2 लाख 6 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जिला कलक्टर ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उहोंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले अपनी अहम भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में जेम्स एंड ज्वैलरी, मेडिकल, स्पोर्ट्स, गारमेंट, वेयरहाउस, ई-वेस्ट, केबल, रीयल एस्टेट, ऑयल रिफायनरी एवं टेक्सटाइल सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों ने नए उद्योगों की

### 2 लाख 6 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर होंगे सृजित

स्थापना एवं औद्योगिक विस्तार में अपनी रुचि दिखाई है। जिले में मुख्य रूप से जैम्स बूर्स ने 11 हजार करोड़, गो अभ्यारण हेतु 3 हजार करोड़, ऑयल रिफाइनरी हेतु 1 हजार 500 करोड़, एवीए इडिबल ऑयल द्वारा 1 हजार 200 करोड़, क्रेडाई ने 1 हजार करोड़, मंगलम समूह ने औद्योगिक पार्क हेतु 1 हजार करोड़ के एमओयू पर सहमति जाहिर की है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने एवं ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित के लिए उद्यमियों, निवेशकों एवं 34 औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले में निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के लिए जिला प्रशासन लगातार निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों से लगातार संपर्क किया है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों का ही नतीजा है कि विगत एक माह में जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने ना



केवल निवेशकों, उद्यमियों एवं औद्योगिक समूहों के साथ बैठकों का आयोजन किया, बल्कि अप्रवासी राजस्थानी एवं स्थापित उद्योग जो अपने उद्यम विस्तार के इच्छुक हैं, उनसे भी संपर्क कर निवेश करारों पर सहमति बनाई गई है। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि निवेश के लिए भूमि हेतु समस्त उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध भूमि की जानकारी देने के लिए पाबंद किया जा चुका है। साथ ही जिले में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव एवं एमओयू सुनिश्चित करवाने हेतु महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, यूनिट हेड रीको के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन को जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन, एजीईएस, वुडन हेंडिक्राफ्ट एसोसिएशन, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, फोर्टी, क्रेडाई, लघु उद्योग भारती, सिडबी, विश्वकर्मा, कालाडेरा, बगरू, दूदू, 22 गोदाम, झोटवाड़ा, सीतापुरा, मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, सरना डूंगर सहित अन्य प्रमुख निवेशकों एवं औद्योगिक संगठनों का सहयोग एवं समर्थन भी मिला है।

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मी कांस्टेबल ऑफ दी मंथ के अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट सराहनीय मेहनत लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ दी मंथ के अवार्ड से सम्मानित किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अक्टूबर माह 2024 का कांस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार जिला पूर्व के पुलिस कांस्टेबल जितेन्द्र पुलिस थाना जवाहर सर्किल ने जयपुर शहर में महिलाओं का भेष बनाकर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज व आसूचना संकलित कर कड़ी मेहनत से गिरफ्तार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिला पश्चिम के पुलिस कांस्टेबल बहादुर सिंह तकनीकि शाखा कार्यालय पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने दादी का फाटक मुरलीपुरा पर एक स्वीफ्ट कार में सवार लड़कों एवं लड़कियों के द्वारा एस्कोर्ट सर्विस बुकिंग के नाम पर दो लड़कों के साथ मारपीट कर अपहरण करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करवाने में जहम भूमिका निभाई थी। जिला उत्तर के पुलिस कांस्टेबल नफे सिंह पुलिस थाना ब्रह्मपुरी ने दर्ज प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की तलाश कर प्रकरण का माल महरूका 10 लाख रुपये बरामद करवाने में सहयोग किया।

गुमशुदा बालक बालिका की तलाश कर दस्तयाब करवाने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला दक्षिण वो पुलिस कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस थाना महेश नगर में थाना क्षेत्र से गुमशुदा मोबाईलों को ट्रेस कर 37 मोबाईल बरामद किये। उल्लास अभियान के तहत 10 एमपीआर में गुमशुदाओं को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पुलिस कांस्टेबल यातायात शाखा पूर्व के रावंश कुमार ने चौरडिया पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी के दौरान एक मोटरसाईकिल फिसलकर बस के नीचे आके चिनारी उत्पन्न होने से बस में आग लगने पर अग्निशमन सिलेंडर द्वारा बस में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया एवं बस के अन्दर सो रही एक सवारी को बस के पीछे के शीशा तोड़कर सुरक्षित बाहर निकालने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस कांस्टेबल रावंश कुमार घनश्याम कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आसूचना एवं सुरक्षा जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कार्यालय के अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के इंतजाम का प्रभावी पर्यवेक्षण किया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में होगा मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

## देश के जाने-माने मनोचिकित्सक लेंगे एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय 9 नवम्बर 2024, शनिवार को अपना चौथा स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन आयुर्वेद फॉर मेंटल हेल्थ ब्रीडगिंग ट्रेडिशनल विजडम एंड मॉडर्न साइकेट्री卐 की थीम पर किया जाएगा। सेमिनार में डॉक्टर शिव गौतम, डॉक्टर सुहास कुमार शेट्टी, प्रोफेसर किशोर राम कृष्ण, डॉक्टर कैलाश थापर सहित देश के जाने-माने मनोचिकित्सक भाग लेंगे।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति और राष्ट्रीय सेमिनार के चेयरपर्सन प्रोफेसर संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानक विश्वविद्यालय अपना चौथा स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। विश्वविद्यालय बनने के बाद राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को नेक ओर एनएबीएच की मान्यता मिलने के साथ एनसीआईएसएम द्वारा ए-ग्रेड की रैंकिंग से देश मे प्रथम स्थान मिला है। आज देश में मानसिक स्वास्थ्य में रोगियों के आंकड़े बढ़ रहे हैं जिनमे युवाओं की संख्या भी अधिक है। आयुर्वेद के साथ मानसिक स्वास्थ्य के चिकित्सा पद्धति को अधिक प्रभावी बनाने और आमजन को इसका लाभ देने के लिये 9 नवम्बर को एक एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, इस सेमिनार में देश के जाने-माने मनोचिकित्सक भाग लेंगे। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पहले से ही मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य कर रहा है, संस्थान के चिकित्सालय में मानसिक रोगियों के लिये ओपीडी की शुरुआत की गई है।

# अहिंसा फेस्टिवल-2024 : राजस्थान जन्म मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय द्वारा जयपुर में सफल आयोजन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में केलगिरी रोड स्थित राजस्थान जन्म मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय द्वारा अहिंसा फेस्टिव जे ए एफ-2024 का आयोजन कनोडिया कॉलेज सभागार में किया गया। इस उत्सव का उद्देश्य अहिंसा के प्रति जागरूकता फैलाना और इस विचारधारा को समाज में और मजबूती से स्थापित करना था। आयोजन की सफलता के लिए ट्रस्ट ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमल लोचन, बनवारी लाल विजय, देवेंद्र मोहन माथुर, प्रमोद चौरडिया, सुश्री निर्मला शर्मा, श्याम विजय, भगवान गट्टानी, अभय कुमार नाहर, और सुनील समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से अहिंसा का संदेश देने और पक्षियों की सेवा करने का संदेश दिया गया, जो ट्रस्ट का प्रमुख उद्देश्य है।

# प्रदेश में सोलर एनर्जी की अपार संभावनाएं : दीपक गादिया

## विभिन्न स्टार्टअप हुए प्रस्तुत, इन्वेस्टर्स को भाए स्टार्ट अप आयडिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश के पास सोलर एनर्जी की अपार संभावनाएं हैं, सोलर पावर के लिए आवष्यक सूरज और जमीन यहां पर्याप्त उपलब्धता है। ये कहना है फादर ऑफ इंडियन सोलर एनर्जी दीपक गादिया का। वे गुरुवार को पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स और फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न स्टार्टअप एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महाफेस्ट 'इनोफेस्ट' के पहले दिन लाइफ चेंजिंग स्पीच 'आत्मनिर्भर इनसाइट्स' में एक्सपर्ट के रूप में संबोधित कर रहे थे। पहले दिन विभिन्न सत्रों में आत्मनिर्भर इनसाइट्स, व्यापार विमर्श, शार्क टैंक हाउस समेत अन्य कार्यक्रमों में पैनल और सिग्नेचर टॉक का आयोजन किया गया। आयोजन में पहले दिन फादर ऑफ इंडियन सोलर एनर्जी दीपक गादिया, यू-ट्यूबर रजत अरोडा, एमएसएमई बिजनेस फोरम इंडिया निदेशक रवि नंदन सिन्हा समेत बडी संख्या में अपने क्षेत्र की जानी मानी हस्तियां रूबरू हुए और अपने क्षेत्र के विभिन्न आयामों एवं नवाचारों से श्रोताओं को रूबरू करवाया। कार्यक्रम की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी सरगम पोद्दार ने बताया कि तीन दिन तक पूरे देश से विभिन्न क्षेत्रो के एक्सपर्ट शिरकत कर रहे हैं। पोद्दार ग्रुप के चेयरमेन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि इस महाफेस्ट में रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के साथ ही बड़े इन्वेस्टमेंट इस आयोजन के जरिए हो रहे है , प्रदेश में राइजिंग राजस्थान से पूर्व यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**इंतजार नहीं, शुरुआत कीजिए :** दीपक गादिया ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट को शुरूआत करने का इंतजार नहीं, शुरुआत कीजिए। उन्होंने सोलर एनर्जी को गांव-गांव तक पहुंचाने




की बात कही। उन्होंने कहा कि हीट को कूलिंग में उपयोग लेने के प्लांट स्थापित करने होंगे। डॉ. आनंद पोद्दार ने कहा कि प्रदेश में सोलर एनर्जी सिस्टम को बेहतर करने के लिए संयुक्त रूप से गादिया के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा।

**एमएसएमई के लिए इकोसिस्टम जरूरी :** रविचंद्रन सिन्हा ने कहा कि पूरे देश में 7 करोड़ एमएसएमई है जो कि आर्थिक व वैश्विक प्रगति में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने एमएसएमई के लिए इको सिस्टम को बेहतर रूप से विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने एमएसएमई के जरिये विकास के लिए अवेयरनेस की आवश्यकता बताई। यूट्यूब रजत अरोडा ने सही समय पर सही कंटेंट डालने की बात कही।

# ऑपरेशन लाडली : प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए पुलिस विभाग चलाएगा अभियान

## आगामी 12 नवम्बर के अबूझ सावे से पूर्व शुरू होगा छह दिवसीय अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग चार दिवसीय अभियान चलाएगा। पुलिस महानिरीक्षक सिविल राइट्स जय नारायण ने आदेश जारी कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को ऑपरेशन लाडली अभियान की क्रियान्विति करने के निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान पुलिस लोगों को विभिन्न तरीकों से समझाइश कर कम आयु के बच्चों को जागरूक करेगी। आईजी जय नारायण ने

### समझाइश व कम आयु के बच्चों को भी किया जाएगा जागरूक

बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में ऑपरेशन लाडली अभियान चलाया जा रहा है।

आगामी 12 नवम्बर को अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस विभाग 11 से 16 नवंबर लगातार छह दिन तक यह अभियान संचालित कर रहा है, जिसकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी।अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस जिला, खण्ड, स्कूल, ग्राम स्तरीय एवं सेवा प्रदाताओं की कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित प्रतिभागियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाएगी। विभिन्न माध्यमों जैसे सेवा प्रदाताओं की दुकानों एवं प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन, जागरूकता रैली, शासकीय व धार्मिक कार्यक्रमों में बाल विवाह नही करने की शपथ, जिंगल, डॉक्यूमेंट्री, नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग के साथ दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन आदि के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रभावी जनजागरण किया जाएगा।

# एनएमएसीसी में पहली बार मंचित होगा विश्व प्रसिद्ध 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा'

## 5 मार्च 2025 से ग्रैंड थिएटर में दर्शक देख सकेंगे यह आइकॉनिक प्रेम कहानी






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई ।** विश्व प्रसिद्ध संगीत नाटक 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' का मंचन पहली बार मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (एनएमएसीसी) में होगा। यह मंचन 5 मार्च 2025 से ग्रैंड थिएटर में शुरू होगा। एनएमएसीसी ने अब तक 'द साउंड ऑफ म्यूजिक', 'मामा मिया', 'लाइफ ऑफ पाई' जैसे अंतरराष्ट्रीय शोज़ का मंचन कर अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह केंद्र 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' जैसी विश्व-प्रसिद्ध प्रेम कहानी को भारत में ला रहा है। एनएमएसीसी की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने कहा, एनएमएसीसी की स्थापना का हमारा सपना यही था कि भारत और दुनिया की श्रेष्ठतम कला को एक ही मंच पर लाकर दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाए। 'द फैंटम ऑफ द ओपेरा' का प्रदर्शन हमारी इस सोच को और सशक्त बनाएगा।

यह प्रेम और जुनून की अमर कहानी है, जो हर पीढ़ी को छूती है। यह नाटक फ्रांसीसी लेखक गैस्टन लेरौक्स के उपन्यास पर आधारित है।

# गुण्डा एक्ट के तहत तीन अपराधी (तड़ीपार) जिला बदर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत चलाये गये अभियान के दौरान जिला जयपुर उत्तर से चार अपराधियों को (तडीपार) जिला बदर किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशी डोगरा डूडी ने बताया कि विभिन्न अपराधों को अंजाम देकर समाज में भय और आतंक का माहौल निर्मित करने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ जिले में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में जिले से रोहित स्वामी (21) निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर, मोहनलाल मीणा (55) निवासी आमेर जयपुर और विनय कुमार (33) गलता गेट जयपुर को (तडीपार) जिला बदर किया गया है। जिला बदर (निष्कासन) के दौरान सभी अपराधियों को जिले की सीमाओं से बाहर दौसा, सीकर, एवं अलवर जिलों में निष्कासित किये गये स्थान पर रहना होगा तथा सम्बंधित थाने में समय-समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। समय अवधि पूर्ण होने से पूर्व बिना अनुमति जिला जयपुर की सीमाओं के किसी भाग में प्रवेश नहीं करेंगें।

# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** तूंगा थाना इलाके में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। पुलिस को मृतक के कपड़ों से आईडी मिली। हादसे के बाद पिकअप चालक करीब एक किलोमीटर दूर गाड़ी छोड़ कर भाग गया। इस मामले में मृतक के परिजनों ने सड़क पर धरना देकर प्रदर्शन किया। चार घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद प्रशासन और परिजनों में सहमति बन पाई। मौके पर पूर्व भाजपा नेता कन्हैया लाल मीणा भी पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी और आरोपियों द्वारा चारागाह भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार भुंडला गत्ता फैक्ट्री के सामने तेज चल रही पिकअप की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए उसके कपड़ों की तलाश ली।

# उदयपुर के गुलाबबाग की पुकार : अब नहीं तो कभी नहीं, पर्यटन के प्रति जागरूक हो जाएँ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर का गुलाब बाग,सज्जननिवास बाग,केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि शहर के दिल में एक जीवंत धरोहर है। यह बाग उदयपुर के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक सौंदर्य का साक्षात प्रतीक है। वर्षों पहले इसे मेवाड़ के महाराणा ने शहर को उपहारस्वरूप दिया था, ताकि यह हरियाली, सौंदर्य, और शांति का केंद्र बनें इसके लिये उदयपुर होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष यशवर्द्धनसिंह राणावत ने अपने सहयोगियों के साथ पर्यटन स्थलों,शहर के कुओं व बावड़ियों की सफाई कर उन्हें उनके मूल स्वरूप मे लायें। उन्होंने बताया कि शहर के ऐतिहासिक धरोहरों की अनदेखी हो रही है। अदूरदर्शी योजना और सौंदर्यविहीन संरचनाओं ने इस बाग की सुंदरता और ऐतिहासिकता को नष्ट करने में हमनें कोई कसर नहीं छोड़ी है। शहर के सभी शक्तिशाली गलियारों के सभी युवा और वरिष्ठ इस बाग में दिनचर्या के रूप में सुबह सैर सपाटे के लिए आते हैं, पर बाग की दशा से अनभिज्ञ प्रतीत होते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इस धरोहर की पुकार सुनें और इसे उसकी खोई हुई गरिमा वापस दिलाएं।



**कुछ देखी व अनदेखी समस्याएं :** गुलाब बाग, जो कभी गुलाबों की खुशबू और हरियाली से महकता था, अब बदहाली का शिकार हो गया है। बाग में जगह-जगह गंदगी, टूटी-फूटी पगडंडियाँ, और उपेक्षित बाग-बगीचे इसकी दुर्दशा को दर्शाते हैं। इसका बर्ड पार्क, जो कभी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र था, अब मरम्मत की जरूरतों से घिरा है। ऐतिहासिक बावड़ियों (14 प्राचीन जलाशय) का संरक्षण लगभग खत्म हो चुका है, और यह भीषण स्थिति उनकी अहमियत को समझाने में नाकाम रही है। साथ ही, पारंपरिक शैली में निर्माण के बजाय, अब बाग में नये निर्माणों में सीमेंट मोल्ड का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे इसकी प्राचीनता और सांस्कृतिक पहचान दोनों खतरे में हैं। बीसीबाई टूरिज़्म के चार्टर अध्यक्ष राणावत ने बताया कि गुलाब बाग में कई छोटे मंदिर भी हैं, जिन्हें देखरेख की आवश्यकता है। इन मंदिरों की मौलिकता और भव्यता आज विलुप्त होने की कगार पर हैं। दुर्भाग्य से, नगर निगम के पास न तो पर्याप्त विशेषज्ञता है और न ही अनुभव, जिससे गुलाब बाग को एक ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। जब सोच ही पूर्ण विकसित नहीं तो विकास कैसे हो पायेगा। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार और संरक्षण करते हुए गुलाब बाग की हरियाली को पुनर्जीवित किया जाए। पर्यावरण-अनुकूल और सौंदर्य-वर्धक तरीकों से बाग का पुनर्निर्माण किया जा सकता है, ताकि यह स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकें। पुस्तकालय के प्रचार-प्रसार के तहत गुलाब बाग में स्थित अद्वितीय पुस्तकालय की अनदेखी एक बड़ी चूक है। इसे विकसित कर इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सकता है, जिससे यह एक शैक्षिक और सांस्कृतिक केंद्र बनें। बाग के कुछ छोटे हिस्सों को स्थानीय उद्योगपतियों से गोद लेकर संवारा जा सकता है, जिससे ये हरे-भरे और सुंदर स्थानों में बदल जाएं। लेकिन यह अतिविशिष्ट पैनल की निगरानी में होना चाहिए, जिन्हें संरक्षण का संपूर्ण ज्ञान हो। गुलाबबाग की पगडंडियों को साफ-सुथरा और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से सजाया जाए। ये पगडंडियाँ हर किसी को एक अद्भुत अनुभव प्रदान कर सकती हैं। बाग की बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाए और इनमें जानकारी संबंधी पैनल लगाए जाएं, ताकि पर्यटक इनकी ऐतिहासिकता को समझ सकें। शाम व रात्रि के समय इन्हें रोशन किया जाए ताकि ये और आकर्षक लगें। बर्ड पार्क को और आकर्षक बनाया जाए, ताकि यह फिर से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आकर्षित कर सकें।



# विद्या भारती विद्यालय के आचार्यों का 3 दिन का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, श्रेष्ठ आचार्य बनने पर रहा जोर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** भारतीय शिक्षा प्रचार समिति, टोंक का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग 4 नवम्बर शाम को शुरू हुआ जिसमें जिले के सभी विद्या भारती विद्यालय के आचार्य शामिल हुए ।

प्रशिक्षण वर्ग में विद्या भारती के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री गोविन्द कुमार, प्रान्त मंत्री बृजमोहन वर्मा, प्रान्त सचिव लक्ष्मण सिंह, प्रान्त शिशु वाटिका प्रमुख गोपाल पारीक, विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश, जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा और जिला व्यस्थापक निपुण सक्सेना का मार्गदर्शन मिला। जिला व्यस्थापक निपुण सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को उद्घाटन सत्र में विद्या भारती, जयपुर के प्रान्त सचिव लक्ष्मण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित किया और श्रेष्ठ आचार्य बनने के बिंदुओं पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि आचार्य में राष्ट्र को अग्रसर करने और ज्ञान को सम्प्रेषण करने के गुण होने चाहिये। इससे पहले 4 नवम्बर शाम के परिचयात्मक सत्र में जिला व्यस्थापक निपुण सक्सेना ने सह शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी को इसको विद्यालयों में लागू करने पर जोर दिया। समापन सत्र में जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने आभार जताया।

# पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने फहराया परचम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने एक बार फिर से भारत का गौरव बढ़ाते हुए देश-विदेश में शानदार रैंक हासिल करते हुए अपना परचम फहराया है। पीएफसी एज्यूकेशन ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का परचम लहरा दिया है, और यह सफलता अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। पीएफसी एज्यूकेशन की निदेशक मिनाची भेरवानी ने बताया कि सितंबर अटेम्प्ट में रोहन जैन ने एडवांस मेनेजमेन्ट फाईनेन्शियल मेनेजमेन्ट में कमाल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरी और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दसवी रैंक हासिल की है, जो उनके और पीएफसी एज्यूकेशन दोनों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने यह साबित कर दिया कि भारतीय प्रतिभा दुनिया के किसी भी कोने में शीर्ष पर रहने की क्षमता रखती है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब रोहन ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चैंकाया है। इससे पहले उन्होंने एडवान्स टेक्सेशन में ऑल इंडिया रैंक में प्रथम और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 5 वी श्रैंक हासिल की। इसके अतिरिक्त परफोर्मेन्स मेनेजमेन्ट में प्रथम रैंक हासिल कर उन्होंने अपनी उत्कृष्टता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। वहीं वंदना धनजानी ने भी एडवांस मेनेजमेन्ट फाईनेन्शियल मेनेजमेन्ट में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक एंवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सीतवीं रैंक हासिल कर अपने प्रदर्शन से सबको गौरवान्वित किया। उनके यह कीर्तिमान पीएफसी एज्यूकेशन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इस सफलता ने संस्थान की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूत कर दिया है।



पीएफसी एज्यूकेशन की निदेशिका मिनाक्षी भेरवानी ने इस पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पीएफसी एज्यूकेशन की यह उपलब्धि हमारें सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह सफलता हमारे शिक्षकों की मेहनत और हमारे संस्थान के उस समर्पण का परिणाम है, जो हम अपने छात्रों की शिक्षा और उनके उज्जवल भविष्य के लिए देते हैं। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षण नहीं, बल्कि हर छात्र को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचाना है, ताकि वे दुनिया में भारत का नाम रोशन कर सकें।

# ग्रामीणों के परिवादों के निस्तारण में बरतें गंभीरता, समुचित निस्तारण से दें राहत : सुराणा

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के रतनगढ़ उपखंड के दाऊदसर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आईटी सेंटर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सुराणा ने राउमावि, आंगनबाड़ी केन्द्र व ग्राम सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण किया तथा श्रीअन्नपूर्णा रसोई में खाना खाकर भोजन की गुणवत्ता जांची। जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों के परिवादों के निस्तारण में गंभीरता बरतें तथा समुचित निस्तारण के साथ ग्रामीणों को राहत दें। प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करें एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। इसलिए ग्रामीणों की समस्याओं की गंभीरता देखें और अति आवश्यकता वाले कार्यों को यथाशीघ्र निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखें। आमजन को बिजली, पानी, चिकित्सा व सफाई सहित आवश्यक सेवाओं के संबंध में कोई शिकायत न रहे। किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का टाइमलाइन निर्धारित कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों की ओर से बिजली के खंभे टूटे होने व बिजली के ढीले तारों की शिकायत पर जिला कलक्टर ने कहा कि डिस्कॉम के अधिकारी खंभों व तारों की जांच करें तथा त्वरित गति से दुरूस्त करें। ग्रामीणों ने सेहला से दाऊदसर से गौरीसर होते हुए बस सेवा उपलब्ध करवाने की बात रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने कहा कि निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर यथासंभव प्रयास किए जाएंगे। इसी के साथ गांव में पानी भराव की समस्या पर जिला कलक्टर ने पानी को बाहर निकालने एवं पानी भराव के निस्तारण के निर्देश दिए। दाऊदसर के अगुणा मोहल्ला में पेयजल आपूर्ति नहीं होने के प्रकरण पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 10 परिवाद प्राप्त हुए। रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड करने के साथ समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

# भाजपा नेता ललित लकवाल का निवाई में स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित लकवाल गुरुवार को देवली-उनियारा विधानसभा के दौरे पर आये । जयपुर से रवाना होकर जाते समय निवाई में निजी स्थान पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया । अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के पूर्व विस्तारक खेमचंद गंगवाल ने बताया कि स्वागत के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा शहर अध्यक्ष लोकेश बैरवा, लक्की बैरवा, अजय बैरवा, कमलेश बैरवा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अलवर-झुंझुनूं के हिस्ट्रीशीटरों का पुलिस ने जुलूस निकाला

## उगाही के नाम पर मिठाई लेने पहुंचे थे; तोड़फोड़ कर फरार हुए थे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में 4 नवंबर की रात 8 बजे मिठाई की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने और रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर मछेंद्र सहित तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस तस्दीक के लिए लेकर आई और बाजार में जुलूस भी निकाला।

**उगाही के नाम पर मिठाई लेने आए थे :** अलवर के सूर्य नगर स्थित भैरू बख्श मिष्ठान भंडार के शोरूम में 4 नवंबर की रात करीब 8 बजे के आसपास नकाबपोश बदमाश दुकान में घुसे और तोड़फोड़ कर दहशत फैलाई। इसके बाद दुकान मालिक मुकेश विजय ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि 4 नवंबर की सुबह के समय एमआईए क्षेत्र के कुछ बदमाश उगाही के नाम मिठाई लेने के लिए आए थे। उन्होंने मिठाई देने से मना कर दिया। इस पर शाम के समय नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर आए और दुकान में तोड़फोड़ की। बदमाश धमकी भी देकर गए थे।



**झुंझुनूं और अलवर के हिस्ट्रीशीटर पकड़े :** पुलिस ने आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बदमाशों को पहचान की। इसके बाद आरोपी महेंद्र उर्फ मछेन्द्र उम्र 38 साल, दिनेश कुमार पुत्र जय सिंह उम्र 20 साल, देवीराम उर्फ कटप्पा पुत्र बाबरी गुर्जर उम्र 20 साल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इसमें मछेन्द्र हिस्ट्रीशीटर है और एनईबी क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि दिनेश झुंझुनूं का रहने वाला है और देवीराम एमआईए क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने इन बदमाशों का जुलूस निकाला और पैदल इनको लेकर घटनास्थल पर पहुंची। वहां घटनास्थल का मौका मुआयना किया और उसके बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया।

# साध्वी कमलप्रज्ञा को मिली पीएच.डी. उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय, लाडनूं-राजस्थान) द्वारा साध्वी कमलप्रज्ञा को विद्यावाचस्पति (पी.एच.डी) की उपाधि प्रदान की गई है। साध्वी डॉ कमलप्रज्ञा ने अपना शोध विषय मूल आगम ग्रंथों में प्रतिपादित जीवन विज्ञान: एक दृष्टि विषय पर सह आचार्य (प्राकृत व संस्कृत विभाग) श्रमणी डॉ संगीतप्रज्ञा के निर्देशन में संपन्न किया। पी.एच.डी के इस कार्य में श्रमण डॉ पुष्पेंद्र का अथक योगदान रहा। साध्वी डॉ कमलप्रज्ञा ने अपने शोध कार्य में चार मूल आगम-दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, नंदीसूत्र व अनुयोगद्वार में समाहित सामाजिक व व्यवहारिक मानवीय पहलुओं को उजागर करते हुए जीवन विज्ञान द्वारा मानव की शारीरिक संरचना में सम्मिलित श्वास प्रेक्षा, चैतन्य व शरीर प्रेक्षाओं को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए उसको आधुनिक विज्ञान के साथ दर्शाया है, व्यवहार व आध्यात्मिक जगत दोनों की शुद्धि जीवन विज्ञान को आत्मसात् करने से ही संभव है। जैन दिवाकर पूज्य श्री चैथमल म.सा. की सुशिष्या दक्षिण चन्द्रिका साध्वी डॉ संयमलता की सुशिष्या डॉ कमलप्रज्ञा ने वर्ष 2021 में राजस्थान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त 'अपभ्रंश साहित्य अकादमी - जयपुर, द्वारा अखिल भारतीय स्तरीय आयोजित प्राकृत परीक्षा में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त किया था।




**HDFC BANK**

# एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-67, फोन : 011-41596676/568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना** (केवल ई-बिडिंग के माध्यम से बिक्री)

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

कॉलम (क) में वर्णित कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉलम (ग) में दर्शाई गई प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति (यों) जिनका **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (घ) में वर्णित अनुसार रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया था, उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **"जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" एवं "जो भी वहां है" आधार पर बेचा जाएगा:**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत **कॉलम (क)** में वर्णित कर्जदार/बंधककर्ता (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), सबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं) (अब मृतक) के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया एचडीएफसी प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट, यानी, www.HDFCBANK.Com पर दिये गये लिंक को देखें।

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) | (ञ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्जदार (रों)/गारंटरों का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (₹)* | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | अधिग्रहण का प्रकार | निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य (रु.) | बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि | अग्रिम जमा राशि (रु.) | बोली बढ़ोत्तरी दर (रु.) | नीलामी की तिथि एवं समय |
| 1) श्री सुरेश त्यागी | 31-मई-2022* को बकाया रु. 4,88,378/- (चार लाख अट्ठासी हजार तीन सौ अठहत्तर रुपये मात्र) | यूनिट संख्या 106, प्रथम तल जिसमें 1 बेडरूम, 1 रसोई, 1 हॉल, 1 बाथरूम और 1 बालकनी है जो टावर-सी2, एवलॉन होम्स, गांव मासित, भिवाड़ी-अलवर बाईपास रोड, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित है, क्षेत्रफल 42.73 वर्ग मीटर (लगभग) के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 19-नवम्बर-2024 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 4,05,000/- (चार लाख पांच हजार रुपये मात्र) | 9-दिसम्बर-2024 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 11-दिसम्बर-2024 दोपहर 12:00 से 12:30 बजे तक |
| 2) श्री प्रेम तनेजा और श्रीमती स्वीटी तनेजा | 31-अगस्त-2022* को बकाया रु. 14,46,822/- (चौदह लाख छियालीस हजार आठ सौ बाईस रुपये मात्र) | फ्लैट-सी1-1005, जिसमें 2 बेडरूम, 1 हॉल, 1 किचन, 1 बाथरूम और 1 बालकनी है, जो टॉवर सी-1, 10वीं मंजिल, डिलाइट रेजिडेंस, ग्राम-तपुकारा, अलवर बाईपास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 69.67 वर्ग मीटर (लगभग) है, के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 20-नवम्बर-2024 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 10,60,000/- (दस लाख साठ हजार रुपये मात्र) | 09-दिसम्बर-2024 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 11-दिसम्बर-2024 दोपहर 12:00 से 12:30 बजे तक |

*भुगतान और/या वसूली तक लागू अतिरिक्त ब्याज, लागत, व्यय और शुल्क के साथ।

**संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं को बोली जमा करने से पहले बिल्डर/सोसाइटी या किसी अन्य वैधानिक/बिजली/पानी/संपत्ति कर/अन्य बकाया आदि के लिए बकाया राशि का स्वतंत्र रूप से पता लगाना होगा और उक्त बकाया, यदि कोई हो, तो सफल खरीदारों/बोलीदाताओं द्वारा चुकाया/चुकाया जाना है और एचडीएफसी बैंक किसी भी तरह का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

एचडीएफसी/एचडीएफसी का अधिकृत अधिकारी किसी भी तरह की जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता है जो बाद में सफल बोलीदाताओं/खरीदारों द्वारा जानकारी की अनुपलब्धता या अन्यथा के कारण होने वाले किसी भी नुकसान के लिए हो सकता है। सफल बोलीदाताओं/खरीदारों के पास किसी भी आधार पर एचडीएफसी के खिलाफ कोई सहारा नहीं होगा। इसलिए, संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं के हित में यह होगा कि वे निविदाएं प्रस्तुत करने और/या प्रस्ताव देने से पहले अपने निर्णय को प्रभावित करने वाले सभी महत्वपूर्ण तथ्यों से खुद को अवगत करा लें।

**मेसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड ई-निविदा प्रक्रिया से नीलामी में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या निविदा दस्तावेज प्राप्त करने में किसी सहायता और किसी अन्य प्रश्न के उत्तर के लिए कृपया मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, श्री विकास कुमार-9650387768, श्री विजय - 7200538774, ई-मेलः solutions@matexnet.com, श्री एस. राजू- 9150757333, ई-मेलः raju.s@matexnet.com या उनकी वेबसाइट https://assets.matexauctions.com/ देखें या श्री प्रसून परासर प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (मोबाइल नंबर 9560444634), श्री यश खत्री (मोबाइल नंबर 9811547358) को क्रमांक 1 पर उल्लिखित संपत्ति के लिए और श्री सक्षम वाधवा (मोबाइल नंबर 9654317219) को क्रमांक 2 पर उल्लिखित संपत्ति के लिए कार्यालय समय के दौरान सोमवार से शुक्रवार (छुट्टियों को छोड़कर) प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क करें।**

निविदा दस्तावेज़ एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (एचडीएफसी): कार्यालय 'दूसरी मंजिल, द कैपिटल कोर्ट, मुनीरका, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110067 या सीधे मैसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड, नंबर: 37/22, चामियर्स टावर्स, 6वीं मंजिल, चामियर्स रोड, टेयनमपेट, चेन्नई - 600018 से एकत्र/प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतिभूत परिसंपत्ति को "जैसा है जहां है" और "जो है जैसा है" आधार पर बेचा जा रहा है।

ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक : 07-नवम्बर-2024
स्थान : अलवर

**पंजीकृत कार्यालय :** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013

## सम्पादकीय

# ट्रंप का दूसरा कार्यकाल : विश्व अर्थव्यवस्था और भूराजनीति के लिए नई अनिश्चितताएं

डॉनल्ड ट्रंप चार साल के अंतराल के बाद दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए हैं। इस जीत ने सर्वेक्षणों को धता बता दिया है और डेमोक्रेटिक पार्टी की चुनाव के पहले की आशंकाओं को रेखांकित किया है। यह मुकाबला किसी भी लिहाज से करीबी नहीं था। ट्रंप न केवल रिपब्लिकन प्रभुत्व वाले राज्यों में जीते बल्कि उन्होंने स्विंग स्टेट्स (वे राज्य जिनका रुझान स्पष्ट नहीं) में भी जीत हासिल की। 2016 के उलट ट्रंप ने पॉपुलर वोट में भी जीत हासिल की। 2004 में जॉर्ज डब्ल्यू बुश के दोबारा चुनाव जीतने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी रिपब्लिकन ने पॉपुलर वोट में जीत हासिल की हो। कमला हैरिस ने चुनाव के 107 दिन पहले अपना प्रचार अभियान शुरू किया था जो विश्व युद्ध के बाद के दौर में किसी प्रतिभागी का सबसे छोटा चुनाव अभियान था लेकिन उन्होंने जो गति हासिल की थी, उसे देखते हुए भी ट्रंप की जीत उल्लेखनीय है। हैरिस ने ट्रंप से अधिक धन जुटाया और खर्च किया तथा पूर्व राष्ट्रपतियों और ट्रंप के पहले प्रशासन के दिग्गजों से लेकर नोबेल पुरस्कार जीतने वाले अर्थशास्त्री तथा टेलर स्विफ्ट एवं ओपरा विनफ्रे जैसे सांस्कृतिक रूप से प्रभावशाली लोग उनका समर्थन कर रहे थे। उनकी कमजोरी इस बात में निहित है कि उन्होंने खुद को बाइडनॉमिक्स से जोड़ा। सर्वेक्षणों ने लगातार बताया कि बाइडन की आर्थिक नीतियां न केवल अलोकप्रिय रहीं बल्कि उनका एजेंडा भी अच्छी तरह परिभाषित नहीं था और गर्भपात के अधिकारों तथा नए परिवारों के लिए कर राहत के सिवा उसमें कुछ खास नहीं था। ट्रंप की अलोकप्रियता को लेकर उनका आत्मविश्वास भारी पड़ गया और वह इतनी आश्वस्त हो गईं कि उनके प्रचार अभियान की आरंभिक ऊर्जा बाद में नजर नहीं आई। इसके विपरीत उनके प्रतिद्वंद्वी ने अपने चिरपरिचित एजेंडे को नहीं छोड़ा: सख्त आव्रजन नियंत्रण, अमीरों तथा बड़े कारोबारी घरानों को कर राहत, दूसरे देशों के साथ विद्वेष, लैंगिक भेदभाव और संरक्षणवाद। हत्या के प्रयास के बाद उन्होंने जो अनुकरणीय साहस दिखाया उसने भी उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। सीनेट पर कब्जे के बाद कांग्रेस में रिपब्लिकन की संभावित पूर्ण विजय के बाद उन्हें पहले दो वर्षों में ही अपनी नीतियों को लागू करने का अवसर मिल जाएगा। अमेरिकी मतदाताओं को अपने चुनाव का परिणाम मिलेगा लेकिन ट्रंप के पहले कार्यकाल के अनुभव शेष विश्व को खुश होने की वजह नहीं देते। आर्थिक मोर्चे पर बाइडन ट्रंप की टैरिफ वाली नीतियों के आसपास ही दिखे। परंतु ट्रंप अपने चुनावी वादे को पूरा कर सकते हैं जिसमें उन्होंने कहा है कि वह आक्रामक व्यापार नीतियों को बढ़ावा देंगे तथा चीन की वस्तुओं पर 60 फीसदी तथा अन्य देशों पर 10 फीसदी शुल्क लगाएंगे। करों में कटौती का भी वादा किया गया है और इससे बजट घाटा बढ़ सकता है। इससे मुद्रास्फीति का दबाव बनेगा और मांग तथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर असर होगा। विश्व अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रहेगी। भारत और अमेरिका के रिश्ते बीते सालों में मजबूत हुए हैं।

# विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए।**

ललित गर्ग




नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है।

भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूंबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए। विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फ कैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं। मगर उमर अब्दुल्ला जो बात पीडीपी के लिए कह रहे हैं, वही शायद उनके लिए भी कही जा सकती है, वरना वह भी यह जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के जिस अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया था, उसकी वापसी अब इतनी आसान नहीं है। वैसे भी, इतना तो उन्हें पता ही होगा कि सिर्फ विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो जाने भर से अनुच्छेद 370 वापस आने वाला नहीं है। फिर इस समय केंद्र में भाजपा सरकार है, जो किसी भी तरह से इस पर विचार करने के मूड में नहीं है। उसकी नजर में यह एक कागज का टूकड़ा है, जो बिना विचार के रद्दी की टोकड़ी में ही जाने वाला है। अनुच्छेद 370 को लेकर कश्मीर की जनता और राजनेताओं, दोनों को समझना ही होगा कि 70 साल तक विशेष दर्जा होने के बावजूद इससे राज्य का कोई बहुत भला नहीं हुआ। देश की मूल धारा से कटकर यह प्रांत अंधेरों से घिरा रहा है। हिंसा एवं आतंकवाद की त्रासदी को झेलते हुए विकास एवं शांति की बाट जोहता रहा है। अब विशेष दर्जा हटाने का राज्य को बहुत लाभ मिला है, वहां विकास एवं जनकल्याण के काम तेजी से हो रहे हैं, न केवल विकास योजनाएं आकार ले रही है, बल्कि वहां शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना है, आतंकवादी घटनाओं पर भी नियंत्रण किया जा सका है। मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया है। देश के साथ दुनिया को यह संदेश दिया गया कि कश्मीर में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं, कश्मीर भारत का ताज है और हमेशा रहेगा। घाटी के राजनीतिक दलों को वहां के अवाम के हित में सोचना चाहिए। क्योंकि अनुच्छेद 370 के खत्म होने से राज्य का कोई नुकसान हुआ, ऐसा नहीं दिखता। इसलिए जम्मू-कश्मीर को अब ऐसी राजनीति की जरूरत है, जो विशेष दर्जे से इतर तरक्की का नया खाका खींचे। अनुच्छेद 370 का खत्म होना इसलिये ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि वहां के लोगों ने साम्प्रदायिकता, राष्ट्रीय-विखण्डन, आतंकवाद तथा घोटालों के जंगल में एक लम्बा सफर तय करने के बाद अमन-शांति, सौहार्द एवं विकास को साकार होते हुए देखा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

### वृष
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

### मिथुन
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कर्क
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### कन्या
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। लेन-देन में लापरवाही न करें।

### तुला
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

### वृश्चिक
आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

### धनु
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### मकर
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

### कुंभ
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

### मीन
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



पुखराज सेन
(आई.ए.एस)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आईएएस पुखराज सैन जी। 4 मई सन 1967 अजमेर में जन्में पुखराज सैन बहुत ही शानदार अधिकारी हैं। जमीन से जुडाव और लोगों की भावनाओं को समझने का अद्भुत जज्बा है इनमें। अपनी बी कॉम की पढ़ाई पूर्ण कर सिविल सेवा में आए और विभिन्न स्थानों पर रह कर जनसेवा की। फिलहाल जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डीडवाना कुचामन पद को सुशोभित कर रहे हैं। अपनी सरकारी सेवाओं के माध्यम से अनेकों स्थानों पर बड़े पदों पर अपनी सेवाए दी हैं। शायद इसलिए अनुभव बहुत ही शानदार है सैन साब का। ये प्रबन्ध निदेशक जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, राजस्थान, जयपुर। आयुक्त कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर, आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय राजस्थान, जयपुर। कार्यकारी निदेशक राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड रूडसीको जयपुर, अतिरिक्त आयुक्त (वैट एण्ड आईटी) वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान, जयपुर, सलाहकार इन्फ्रा रीको जयपुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर प्रथम, उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग जयपुर, सचिव प्रशासन राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, जयपुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर जयपुर दक्षिण,अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट शहरद्ध जयपुर दक्षिण, कार्यकारी निदेशक राजस्थान वित्तीय निगम, जयपुर। उपायुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंच एवं पदेन उप सचिव सरकार को, जयपुर.द्वितीय, अतिरिक्त आयुक्त जेडीए जयपुर, राजस्व अपीलीय प्राधिकारी, जयपुर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा, डीवाई महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक जयपुर। प्रबंधक प्रशासन कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, टोंक। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, पाली। उपखण्ड अधिकारी, सोजत पाली, उपखण्ड अधिकारी, बूंदी। उपखण्ड अधिकारी, माण्डलगढ़ भीलवाड़ा, उपखण्ड अधिकारी, खत्री झुंझुनू। एसीईएम सुजानगढ़ चूरू। सहायक कलक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, मांडलगढ़ भीलवाड़ा। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट यूटी राजसमंद, एसीईएमए यूटी अलवर जैसे अनेक बड़े पदों पर रहे। यही नहीं सरकार ने इनकी कार्यक्षमता व कुशलता को देख निदेशक, चिकित्सा आईईसी विभाग राजस्थान जयपुर व कार्यकारी निदेशक, राजस्थान वित्तीय निगम जयपुर का अतिरिक्त भार सौंपा जिसे बखूबी निभाया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं जय हिन्द।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास


### 8 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सिख धर्मगुरु हर राय का निधन 1661 में हुआ।
- भौतिक शास्त्री विल्हेम कोनार्ड रॉन्टजन ने 1895 में एक्स-रे की खोज।
- वाल्दमीर लेनिन, लियो ट्रोटस्की और जोसेफ स्टालिन को 1917 की अक्टूबर क्रांति के बाद पीपुल्स कमीसार अधिकृत किया।
- म्यूनिख में एडोल्फ हिटलर ने 1923 में जर्मन सरकार को अपदस्थ करने की नाजियों की एक कोशिश का नेतृत्व किया। सेनाओं ने नाजियों के इस प्रयास के असफल कर दिया।
- मंदी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंकलीन रूजवेल्ट ने 1933 में 40 लाख लोगों का रोजगार देने के लिए सिविल वर्क्स एडमिनिस्ट्रेशन का गठन किया।
- हांगकांग में 1945 में हुए नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
- संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने 1956 में तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
- ब्रिटेन ने 1957 में क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
- जॉन एफ केनेडी 1960 में संघर्षपूर्ण मुकाबले में रिचर्ड निकसन को बहुत कम अंतर से हरा कर अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति बने।
- अमेरिका ने 1967 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- चीन में 1988 में आये विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।
- आयरलैंड में 1990 में पहली महिला राष्ट्रपति बनी.
- जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 1992 में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।
- बांग्लादेश में 1998 में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।
- राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने 1999 में एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।
- बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने 2000 में न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा।
- अफगानिस्तान पर 2001 में पुन: ज़बर्दस्त बमबारी।
- भारत ने 2005 में फिलिस्तीनि संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इस्रायल की दमन की आलोचना की।
- भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान -1 2008 में चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा।
- भारत सरकार ने 2016 में बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया।

## विशेष आलेख

# डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद क्या अब बांग्लादेश में होगी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी?

अशोक भाटिया



डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के तुरंत बाद, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने उन्हें बधाई संदेश भेजा। इस संदेश में हसीना ने ट्रंप की नेतृत्व क्षमता और अमेरिकी जनता द्वारा उन पर दिखाए गए विशाल विश्वास की सराहना की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रंप के नए कार्यकाल में बांग्लादेश और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे शेख हसीना का यह कदम बांग्लादेश की राजनीतिक परिदृश्य में खेला की वापसी का संकेत माना जा रहा है। हसीना इस समय दिल्ली में हैं, माना जा रहा है कि वो ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद अमेरिका का दौरा कर सकती हैं। इससे दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देने की संभावना है।

शेख हसीना का ट्रंप को भेजा गया यह संदेश को साधाराण या औपचारिक बधाई नहीं है। यह बांग्लादेश में उनकी सियासी वापसी की दिशा में एक रणनीतिक पहल भी माना जा रहा है। वहीं, बांग्लादेश सरकार के मौजूदा प्रमुख मोहम्मद यूनुस की क्लिंटन परिवार और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं से नजदीकी रिश्तों के चलते हसीना को ट्रंप प्रशासन में और भी समर्थन मिल सकता है। यूनुस के अमेरिका में मजबूत संपर्क और बाइडेन प्रशासन में उनकी घनिष्ठता के बावजूद, हसीना का यह कदम कहीं न कहीं उन पर एक तरह का दबाव बना सकता है। अमेरिका के कूटनीतिक दबाव के कारण भारत के अलावा फिलहाल कोई अन्य देश शेख हसीना को मदद और वीजा देने में संकोच कर रहा है। ऐसे में, शेख हसीना के इस बधाई संदेश से साफ है कि वह अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने में सक्रिय हो गई हैं।

मौजूदा समय में बांग्लादेश के मुखिया बने मोहम्मद यूनुस को ट्रंप जरा भी पसंद नहीं करते। दरअसल यूनुस पर आरोप हैं कि 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में यूनुस ने ट्रंप के खिलाफ फंडिंग की थी, तब से ट्रंप उनसे नाराज हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दिवाली के मौके पर एक पोस्ट की थी। 2016 में ट्रंप जब पहली बार चुनाव जीते थे तब युनूस ने कहा था कि उनकी जीत सोलर एक्लिप्स की तरह है। उजाला एक दिन जरूर आएगा। माना जा रहा है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी के ज्यादा करीबी हैं। बिल क्लिंटन, बराक ओबामा, जो बाइडेन से उनकी ज्यादा बनती है। युनूस कई बार ट्रंप की आलोचना कर चुके हैं। ट्रंप ने हाल में बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर कहा था कि वहां पर जो हो रहा है वो सही नहीं है। ट्रंप बांग्लादेशी हिंदू के लिए भी आवाज उठा चुके हैं। माना जा रहा है कि वो अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर दबाव डालेंगे। वो बोलेंगे कि शेख हसीना की पार्टी पर जो भी एक्शन हो रहा है उसे बंद किया जाए। देश में जल्द से जल्द चुनाव कराया जाए और लोगों को ही फैसला लेने दिया जाए कि वो किसकी सरकार चाहते हैं।उसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा और उनकी सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। उन्होंने अमेरिका ही नहीं दुनियाभर के हिंदुओं की रक्षा का वादा किया था। ऐसे में माना जा रहा है कि ट्रंप बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों को लेकर मोहम्मद यूनुस को माफ करने के मूड में नही हैं। अवामी लीग के आधिकारिक फेसबुक पेज पर जारी बयान में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने डोनाल्ड ट्रंप और मिलेनिया ट्रंप के साथ उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान हुई मुलाकात को याद किया। साथ ही बांग्लादेश और संयुक्त राज्य अमेरिका की द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने की तरफ काम करने की इच्छा जताई। गौरतलब है कि बांग्लादेश को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की सोच उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में स्पष्ट हो गई थी। डोनाल्ड ट्रंप का बांग्लादेश के प्रति एक झुकाव है। वह बांग्लादेश का एक लोकतंत्र समर्थक देश के तौर पर देखते हैं। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान जारी करके बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जाहिर की थी और इस मामले को अमेरिकी हिंदुओं को दिल के बेहद करीब बताया था। उन्होंने अमेरिका समेत पूरे विश्व में हिंदू समुदाय की अधिकारों की सुरक्षा करने की बात कही थी। इसी कारण यह आशा जागी है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत का सबसे ज्यादा असर जिन देशों पर होने वाला है, उनमें बांग्लादेश भी है। यह साबित हो चुका है कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक खास रणनीति के तहत शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करवाया। उन्हें अपना ही देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे भारत को झटका लगा। लेकिन बांग्लादेश की राजनीति पर नजर रखने वालों का मानना है कि ट्रंप की जीत से पूरा खेल बदलने वाला है। एक बार फिर बांग्लादेश में भारत का दबदबा होगा। यह जीत शेख हसीना के लिए भी खुशखबरी लेकर आई है। एक और बात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चला रहे मुहम्मद यूनुस डोनाल्ड ट्रंप के कटु आलोचक रहे हैं। कई बार उनके खिलाफ बयानबाजी भी की है। अब उनके भविष्य पर भी संकट खड़ा होगा। ढाका ट्रिब्यून में कूटनीतकि मामलों के जानकार शफकत रब्बी ने इस पर एक लेख लिखा है। उन्होंने बताया कि ट्रंप की जीत का बांग्लादेश पर क्या असर होने वाला है। भारत से रिश्ते कैसे बदल जाएंगे। उन्होंने लिखा है, ट्रंप की विदेश नीति अमेरिका फर्स्ट रहने वाली है। लेकिन इसके बाद वे बाइडन युग के सभी विवादति मसलों को सुलझाएंगे। यूक्रेन संकट हो या अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर क्राइसिस या फिर मिडिल ईस्ट की स्थति बांग्लादेश के लिए उनका आना बेहद अहम है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अवैध बजरी खनन : पुलिस व बजरी माफिया में चल रहा शह मात का खेल

## मलारना डूंगर क्षेत्र में अपने ही बिगाड़ रहे खेल, दो वर्षों में बजरी खनन का बड़ा ग्राफ

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राज्य में सवाई माधोपुर जिला अवैध बजरी मामले में कहने को भले ही पुलिस के लिए सिरदर्द बना हो, लेकिन यह सर्व विदित है कि पुलिस की बिना शह के अवैध बजरी खनन संभव नहीं है। खास बात यह है कि ज़िले में बनास नदी में बजरी खनन के लिए कोई सरकारी लीज़ नहीं है। इसके बावजूद, टोंक ज़िले के लीज़ धारक सवाई माधोपुर ज़िले की सीमा में बनास नदी में अवैध रूप से बजरी खनन कर रहे हैं। खनन माफियाओं ने बारिश से पहले ही जगह-जगह बजरी का अवैध स्टॉक बना लिया और अब धड़ल्ले से बजरी का कारोबार कर रहे हैं।

**दावे पड़ रहे झूठे :** पुलिस प्रशासन भले ही अवैध बजरी परिवहन पर रोकथाम का दावा कर है, लेकिन रात के अंधेरे में खाकी की मौजूदगी में धड़ल्ले से अवैध बजरी का परिवहन किया जा रहा है। स्थिति यह है कि मलारना डूंगर उपखंड क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन का खुला खेल चल रहा है। मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन नासूर बनता जा रहा है. एक तरफ पुलिस प्रशासन अवैध बजरी परिवहन पर रोकथाम का दावा कर रहा है. वहीं दूसरी तरफ बनास नदी अवैध बजरी खनन माफियाओं के लिए किसी सोने की खान से कम नहीं है। बजरी माफियाओं का आतंक जिले में बजरी माफियाओं का आतंक इतना है कि प्रशासन के सामने ही अब तक150 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुड़ा ले गए। उल्लेखनीय है कि मलारना डूंगर के तत्कालीन एसडीएम बद्री नारायण विश्नोई ने अवैध बजरी खनन करते हुए 150 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया। लेकिन पुलिस के नहीं पहुंचने से माफिया जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुड़ा ले गए।

### कठोर कार्रवाई के लिए और सतर्क करेंगे

यह बात सही है कि पुलिस के दबाव के बावजूद भी चोरी छुपे बजरी माफिया अवैध रूप से शहर में बजरी परिवहन का काम कर रहे हैं। यदि पुलिस विभाग का कोई भी कार्मिक इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोरता के साथ कार्रवाई की जाएगी। उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**ममता गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक, सवाई माधोपुर**

**बजरी खनन के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान :** प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक सवाई माधोपुर कलेक्टर ने खनिज, वन, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सामूहिक रूप से अभियान चलाकर अवैध बजरी खनन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें।

# नगरपालिका का स्वच्छता एवं सफाई अभियान रहा जारी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा नगरपालिका क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के आदेशानुसार व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट के नेतृत्व में चल रहा सफाई एवं स्वच्छता अभियान गुरूवार को भी जारी रहा। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व नगरपालिका मालपुरा के ईओ अमित कुमार चौधरी द्वारा मालपुरा शहर को स्वचछ एवं सुन्दर बनाने के प्रयास लगातार जारी है। इन प्रयासो के तहत कहीं अतिक्रमण हटवाए जा रहे हैं तो कहीं अतिक्रमण के बाद खाली हुई मुख्य सड़को के किनारे की भूमियो को समतलीकरण कर सफाई का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के आदेशानुसार व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट के नेतृत्व में केकड़ी रोड स्थित मैला मैदान में अतिक्रमण हटाने के बाद मैदान को समतलीकरण करवा कर सफाई का कार्य करवाया गया। इस दौरान जाट के साथ कनिष्ठ तकनीकी सहायक कनिष्क कुमावत , पालिका के कनिष्ठ सहायक मोहित विजय, जमादार राजेश सहित अन्य कर्मचारी व पालिका अतिक्रमण हटाओ दस्ते में शामिल दल के सदस्य मौजुद रहे। इसके अलावा व्यास सर्किल से सदरपुरा की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग का नामकरण सिविल लाइन रोड रखा जाकर सफाई का कार्य चल रहा है। जाट ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी व ईओ अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में यह कार्य लगातार जारी रहेगा। मालपुरा उपखण्ड प्रशासन सम्पूर्ण मालपुरा शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के प्रयासो में जुटा हुआ है। साथ ही इसके लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। जाट ने मालपुरा शहरवासियो से आव्हान किया है कि मालपुरा उपखण्ड प्रशासन के प्रयासो को अंजाम तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करे। अतिक्रमणो को स्वयं हटा कर एक सभ्य नागरिक होने का उदाहरण पेश करे। जाट ये यह भी आव्हान किया है कि जिन प्रकार उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में सम्पूर्ण उपखण्ड प्रशासन जुटा हुआ है और दिन रात कड़ी मेहनत कर रहा है। उसी प्रकार मालपुरा की जनता भी अपने शहर मालपुरा को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपनी ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया रुक्मणी वृद्धाश्रम का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने गुरुवार को रुक्मणी वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अनियमितताएं सामने आई। रुक्मणी वृद्धाश्रम के मैनेजर कानाराम गुर्जर ने बताया कि वृद्धाश्रम में पुरुष एवं महिला वृद्धजन दोनों के रहने की सुविधा उपलब्ध है। वृद्धाश्रम द्वारा उन्हें निशुल्क भोजन, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। निरीक्षण के दौरान 7 पुरुष एवं 6 महिला वृद्धजन सहित कुल 13 वृद्धजन उपस्थित पाए गए। सचिव समीक्षा गौतम ने वृद्धजनों से वार्ता की एवं उन्हें दी जा रही भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में आवासित वृद्धजनों को प्रदान किए जाने वाले भोजन के संबंध में अनियमितताएं पाई गई! साथ ही वृद्धजनों ने अवगत करवाया कि वृद्धाश्रम द्वारा उन्हें डाइट चार्ट के अनुसार पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम ने रुक्मणी वृद्धाश्रम के मैनेजर कानाराम गुर्जर को वृद्धजनों को डाइट चार्ट के अनुसार पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने तथा साथ ही उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान रुक्मणी वृद्ध आश्रम के कोऑर्डिनेटर हेमंत कुमार महावर, केयरटेकर अभिषेक सैनी सहित अन्य स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# महामंडल विधान आज से

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर अग्रवाल समाज मालपुरा एवं सुन्नर विजय वर्षायोग चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर्यिका सुरम्यमती माताजी एवं आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी के पावन सानिंध्य में ज्ञक्र इन्द्रध्वज महामंडल विधान का आयोजन 8 से 15 नवम्बर तक किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि जिनशासन कर शाश्वत अष्टान्हिका पर्व के पावन दिनो में आयोजित इस कार्यक्रम के सौधर्मइन्द्र सुमेर डिम्पल, आदित्य मीनल जैन बड़जात्या सेवा वाले होगें। इसके अलावा कार्यक्रम कुबेर इन्द्र राकेश अजंना जैन टोरड़ी वाले,माहेन्द्र इन्द्र ताराचन्द संतरा जैन कठमाणा वाले सपरिवार, यज्ञ नायक राजकुमार सुनीता जैन लावा वाले, सानत इन्द्र चम्पालाल टीना जैन धाबड़धींगा, ईशान इन्द्र अभिषेक रूचि सोगाणी, ब्रह्म इन्द्र संदीप-स्नेहलता टेमाणी व तान्तव इन्द्र गोरधन शांति जैन कालेड़ावाले होगें। विमल जैन कठमाणा वाले ने बताया कि कार्यक्रम के संगीतकार राहुल जैन नोहटर वाले होगें। वहीं कार्यक्रम के साधर्मी वात्सल्य के पुध्यार्जक कान्ता देवी, मनोज रिंकू जैन, जिनेन्द्र सोनल जैन व समस्त मेन्दवास्या परिवार मालपुरा होगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 15 नवम्बर तक चलेगा। बाहर से आने वाले एवं पूजा में बैठने वालो के भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी।

# जिला कलक्टर ने सड़क के सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण कार्यो का किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य पूर्ण करें : शुभम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को खण्डार क्षेत्र में कुशालीपुरा से टोडरा होते हुए कमलेश्वर महादेव तक 24.50 किलोमीटर लम्बाई की सड़क एवं बोदल से कमलेश्वर महादेव होते हुए सुमेरगंज मंडी एनएच-552 के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा को सड़क निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सम्पन्न करवाने, सड़क से पानी निकासी के उचित प्रबंध करने, सड़क के दोनो ओर के गड्ढ़ो को भरवाने, सुरक्षा की दृष्टि से सांकेतिक बोर्ड लगवाने के निर्देश प्रदान किए। पुलिस चौकी लहसोड़ा का किया औचक निरीक्षण इस दौरान जिला कलक्टर ने पुलिस चौकी लहसोड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चौकी प्रभारी बाबूलाल कमाण्डो से चौकी क्षेत्र के अपराधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्षेत्र के अपराधों, महिला बाल परिवादों, हिस्ट्रीशीटरों, चौकी में दर्ज एफआईआर आदि की जानकारी ली। साथ ही चौकी में नियमित रूप से साफ-सफाई रखने, परिवादियों की परिवेदनाओं को गहनता से सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चौकी पर उपस्थित परिवादी रामजीलाल माली से उनके मारपीट के प्रकरण के संबंध में संवाद कर उक्त प्रकरण की गहनता से जांच अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश चौकी प्रभारी बाबूलाल कमाण्डो को प्रदान किए ।

# नहरो की बिना मरम्मत के टोरडी सागर बांध की नहरो में पानी छोड़ने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र के सबसे बड़े सिंचाई स्त्रोत टोरड़ी सागर बांध से निकलने वाली तीनो नहरो की बिना मरम्मत एवं बिना साफ सफाई के बांध की नहरो में पानी छोड़ने की तैयारी की जा रही है। टोरड़ी सागर बांध से नार्थ, मीडिल एवं साउथ केनाल नहरे निकलती है। इन तीनो नहरो के माध्यम से बांध के भरे पानी से सिंचित क्षेत्र के किसानो की भूमि में सिंचाई की जाती है। वहीं बांध की नहरो में पानी छोड़े जाने से पूर्व जल संसाधन विभाग द्वारा तीनो नहरो की जंगल कटिंग सहित आवश्यक मरम्मत कार्य करवाया जाता था।

इस कार्य के बाद ही सिंचाई के लिए छोड़ा गया पानी नहरो की अन्तिम छोर के किसानो तक पहुंच पाता था। साथ ही हर बार बांध की तीनो नहरो में पानी छोड़े जाने को लेकर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में टोरड़ी स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में सिंचित क्षेत्र के किसानो के साथ बैठक होती थी। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारी नहरो की वर्तमान स्थिति आला अधिकारियो व किसानो के सामने रखते थे। इस जानकारी के बाद सिंचित क्षेत्र के किसानो की मांग के अनुसार नहरो में पानी छोड़ने का निर्णय किया जाता था। इस बार टोरड़ी सागर बंघा भी पूरा हुआ है। इस बार अभी तक जल संसाधन विभाग की ओर से बजट के अभाव में नहरो की मरम्मत कार्य अभी तक पूर्ण नहीं करवाया जा सका है।

# भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस आज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक( का.स. )।** भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस 7 नवंबर के अवसर पर राज्य स्तर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के प्रदेश संरक्षक राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे द्वारा एवं टोंक जिले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद परशुराम धानका द्वारा स्टीकर विमोचन किया गया। इस अवसर पर सीडीईओ सुशीला करनानी, डीईओ मीना लसारिया सीओ स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग सीओ गाइड आचू मीणा द्वारा स्काउट गाइड जिला जम्बूरेट गतिविधि, स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया। स्टीकर फ्लैग लगाने पर सभी ने अपना अंशदान दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, सीताराम साहू, बनवारी लाल बैरवा, चंद्रप्रकाश कुर्मी, उत्तम कुमार पंचोली, जयंती प्रकाश नुवाल ममता जाट, नीतू चावला ने स्काउट गाइड की गतिविधियों की जानकारी दी। स्थापना दिवस पर ट्रेनिंग काउंसलर, स्काउट, गाइड रोवर रेंजर ने सामुदायिक सेवा, समाज सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। राज्य मुख्यालय जयपुर से प्राप्त स्टीकर फ्लैग को विद्यालयों ओर महाविद्यालयों के स्काउट गाइड रोवर रेंजर के माध्यम से वितरित कर प्रति स्टीकर 10 रुपए राशि के अनुसार राज्य मुख्यालय के माध्यम से राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली को राशि भिजवाई जाएगी। इस राशि को राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जन कल्याणकारी कार्यों यथा आपदा विपदा के समय सहयोग स्वरूप काम में लिया जाता है। स्टीकर विमोचन के अवसर पर सहा. जिला कमिश्नर, ट्रेनिंग काउंसलर, सचिव, संयुक्त सचिव, स्काउटर, गाइडर, रोवर लोकेश, विजय, मोनू, रामलखन, धर्मराज, सुरेंद्र, रामदेव, विक्की, त्रिलोक बैरवा, रेंजर तनीषा कुमावत, शिवानी, संध्या, कृष्णा, रितिका, राधिका, साक्षी सम्मिलित हुए।

# भारत विकास परिषद, शाखा टोंक का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न हुआ



बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** भारत विकास परिषद,शाखा टोंक का दीपावली स्नेह मिलन समारोह पूर्वक रोज मेरिज गार्डन में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर जिला समन्वयक अशोक कासलिवाल ने परिषद के सिद्धान्तों एवं कार्य क्षेत्र पर प्रकाश डाला,सह समन्वयक हितेष कुमार ने भारत की वर्तमान परिस्थितियों में संगठन की शक्ति का महत्व बताया । सचिव राधेश्याम शर्मा ने प्रतिवेदन के माध्यम से परिषद द्वारा किए गए कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया ।कुमारी अंशु ताखर ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति का सिंहनाद किया व गीता गुप्ता ने नारी का समाज जागरण में महत्त्व बताया । संरक्षक श्याम लाल जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा दिनेश बुन्देल के वन्देमातरम गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ व अध्यक्ष रमेश काला ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम का सफलतम संचालन महेश शर्मा ने किया । दिनेश कासलिवाल, धर्म चन्द जैन व पंकज छाबडा को सपत्नीक परिषद का बेज लगाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई ।सामुहिक स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन

## पोषण व मौसमी बीमारी से बचाव संबंधी दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया।

जिले के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था, टीकाकरण, पोषण, संतुलित आहार, बच्चों का वजन लिया गया, समय पर एएनसी चेकअप करवाने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव व पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

आयोजित किए गए सत्रों का जिला स्तरीय, खंड स्तरीय अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर ओडीके एप पर इंद्राज भी किया गया। व्यवस्थाऐं जांची गई व अधिकारियों द्वारा रिकॉर्ड संधारण की जांच भी की गई।

सत्रों में जिन स्थानों पर कमियां पाई गई उनमें सुधार के निर्देश दिए गए। सभी वैक्सीनेटर्स को प्लान के अनुसार समय पर सम्पूर्ण टीकाकरण करने हेतु पाबन्द किया गया एवं आंगनबाडी केन्द्र पर साफ-सफाई एवं पूरक पोषाहार एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां दी गयी। आशाओं द्वारा की जाने वाली एचबीएनसी विजिट, ड्यू लिस्ट, एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों के रजिस्टरों की जांच कर रिकॉर्ड संधारण करने हेतु निर्देश प्रदान किए।

# भारत स्काउट व गाइड स्थापना दिवस पर स्टीकर विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में भारत स्काउट व गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर स्टीकर का विमोचन जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने किया।

सी.ओ. स्काउट गाइड दिव्या ने बताया कि जिला कलक्टर के स्टीकर विमोचन के उपरान्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने भी स्टीकर का विमोचन किया। राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा जारी स्टीकर को स्काउट/गाइड छात्र/छात्राओं के माध्यम से जन सामान्य को झण्डी लगाकर 10 रुपए का आर्थिक सहयोग लिया जाएगा, जिसका उपयोग संगठन की सेवाभावी गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न आपदाओं जैस भूकम्प, बाढ़, अग्नि दुर्घटना आदि से पीडित व्यक्तियों के लिए किया जाएगा/ कर रहे हैं। स्टीकर विमोचन के समय महेश सेजवाल सचिव स्काउट गाइड महावीर प्रसाद जैन रामजीलाल योगी सचिव दिनेश चन्द सिहल स्काउटर अभिलाषा अग्रवाल धर्मेन्द्र जैन व नीतू सॉहू आदि स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

## प्रेरणादायक

# रील में रोल



पहले सिनेमाघरों में मूवी नहीं फ़िल्म लगती थी। उसके शुरू होने से पहले सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट भी आता था उसमें लिखा भी रहता था रील संख्या 22 या 18 या 23 जो भी हो । खैर..बहराल यहां में जिक्र कर रहा हूं रील में रोल का,पुरानी फिल्मों में कई अदाकार इंटरवेल के बाद आते थे 23 मे से मात्र 5 रील में ही रोल मिलता था पर पूरी पिच्चर पर छाप छोड़ जाते थे,श्री राम की फ़िल्म में भी हनुमानजी का रोल कितना था आप देख लीजिए। पर रोल इतना अहम था था कि आज पूरे विश्व मे रामजी से ज्यादा मन्दिर हनुमानजी के बने हुए हैं। रामचरितमानस में से भी सबसे अधिक सुंदरकांड के पाठ का वाचन किया जाता है। यानि फ़िल्म कितनी भी रील की हो कोई मायने नहीं रखता,मायने तो रोल रखता है। हम किसी के जीवन मे कब आए ये मायने नहीं रखता बल्कि हमारा रोल उसके जीवन में कैसा रहा ये मायने रखता है। पर हम करते विपरीत ही है हम क्रोध वहाँ करते हैं जहां हमे शांत रहना होता है, या हम वहां शांत रह जाते हैं जहां हमे क्रोध करना होता है। हम लाभ वहां उठाना चाहते हैं जहां हानि में लाभ छिपा होता है, हम पाना उसे चाहते हैं जो हमारा है ही नहीं,हम उसे खो देते हैं जो बना ही सिर्फ हमारे लिए था,हम खर्च उस पर करते हैं जिसका खुद का कोई मोल नहीं और बेच उसे आते हैं जो अनलोल होता है। शायद इसीलिए कितनी ही फ़िल्म आई कितने ही किरदार मिले कितने ही अदाकार मिले पर हम याद उन्हें ही रख पाए जो उस किरदार में जीये।

**रूपक शर्मा**
**बढ़ता राजस्थान**
**वरिष्ठ पत्रकार,**
**अलवर( राजस्थान )**

# पानी के मुद्दो का हो समाधान, विकास के लिये पानी और रोजगार जरूरी : रामकिशन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सुशोभित पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि बगैर पानी और रोजगार मुहैया कराये विकास की बात करना बेइमानी है , पानी और रोजगार से ही विकास होता हैं जबकि भरतपुर और डीग में पानी और रोजगार का गम्भीर संकट हैं। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने किसान संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को रूपवास क्षेत्र के ग्राम दाहिना और दौरदा में आयोजित सभाओं नें कहा कि दोनों सरकारों को यहाँ के उलझे पड़े पानी के मुद्दो को प्राथमिकता से सुलझाना चाहिये । उन्होंने कहा कि यमुना का पानी पूरा नहीं मिल रहा और उसके द्वितिय चरण का कार्य भी शुरू नहीं हो सका जबकि इआरसीपी के लिये दोनों सरकारों ने अभी तक बजट भी आवंटित नहीं किया इस योजना से प्रथम चरण में ही भरतपुर डीग को पानी मिलना चाहिये । पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि पाँचना का बाँध बाढ़ नियंत्रण के लिये ही बनाया गया था भरतपुर की बर्बादी के लिये नहीं लेकिन कमजोर राजनैतिक इच्छा शक्ति के पाँचना बाँध का लाभ भरतपुर को नहीं मिला ।

मनमाने तरिके से पानी छोड़ने के कारण जिले के करीब दो दर्जन लोगो की पानी में डूबने से मौते हुई है और खेती फसल बर्बाद हो गई । जब पानी की जरूरत होती है तब पानी गम्भीर नदी में नहीं छोड़ा जाता । उन्होंने जिले में बढ़ती जा रही बेरोजगारी पर गहरी चिन्ता प्रकट की। सभाओं में भाजपा नेता और पूर्व प्रधान सालीग्राम शर्मा ने कहा कि जिले में पानी की समस्या है , कारखाने भी लगने चाहिये और इसके लिये हम सभी को मिलकर कोशिश करनी चाहिये । उन्होंने रूपवास क्षेत्र की और से शतायू पुरुष और अपने राजनैतिक गुरु पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का जोरदार अभिनन्दन किया । सालीग्राम शर्मा ने कहा कि पंड़ित रामकिशन ही सही मायने में अपने राजनैतिक कर्तव्य का पालन कर रहे है । किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि सरकार को शीघ्र ही पाँचना बाँध के पानी का बँटबार कर गम्भीर नदी को बाणगंगा नदी से जोड़ना चाहिये ताकी जहाँ पानी की समस्या का समाधीन हो सके और बाढ़ के हालातों पर नियंत्रण हो सको । दाहिना के सरपंच उदयभान शर्मा ने पानी के संघर्ष में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा दिलाया । दोनों सभाओं में अनेक गाँवों से आये सैंकड़ों किसान नौजवानो और महिलाओं ने दोनों हाथ उठाकर पानी और रोजगार की लड़ाई में भरपूर सहयोग करने का वायदा किया । वक्ताओं ने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर जिस तरह पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह संघर्ष कर रहे है उसी तरह जिले के दूसरे राजनेताओं पेंशन भोगी सांसद विधायकों को भी समस्याओं के समाधान के लिये कोशिश करनी चाहिये । किसानों ने कहा कि पानी पर हमारा अधिकार है और जनता की ताकत से हर काम हो सकता हैं , सरकार को भरतपुर के विकास के लिये कार्य करने चाहिये । इन सभाओं में पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का लोगों ने जोरदार स्वागत किया । सभाओं में तोता राम कुशवाह ,लाखन योगी , कल्यान , राममूर्ती खेमचन्द मास्टर , दौरदा के हरभान सिंह ठाकुर , खुमानी चाँदौली , बाली पटैल सैमरा , हाकिम पटेल , सत्यप्रकाश सिकरौदा , रमेश चन्द शर्मा , बुद्दी प्रजापत , ठाकुर आदितेन्द्र सिंह , मुन्ना सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये। सभाओं की अध्यक्षा बिजेन्द्र योगी दाहिना एवं ठाकुर हरभान सिंह दौरदा ने की जबकी संचालन किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने किया ।

### श्री केला देवी झील का बाड़ा में सजेगा मां का दरबार

# फूल बंगला झांकी, छप्पन भोग के साथ होगा विशाल भंडारा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कैला मैया छप्पन भोग समिति बयाना की ओर से शुक्रवार को भरतपुर जिले के प्रमुख आस्था धाम श्री कैलादेवी झील का बाड़ा बयाना में छप्पन भोग, फूल बंगला झांकी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार सुबह कार्यक्रम स्थल पर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। समिति के अध्यक्ष संतोष सिंघल और उपाध्यक्ष विनोद सिंघल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

छप्पन भोग, फूल बंगला और भंडारे के साथ-साथ रात को भगवती जागरण का आयोजन भी होगा, जिसमें कई प्रसिद्ध गायक कलाकार भाग लेंगे। इस अवसर पर मंदिर को फूलों और लाइटिंग से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा, और राजराजेश्वरी कैला माता रानी को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे। शुक्रवार सुबह मंगला आरती से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जबकि रात को भगवती जागरण में प्रसिद्ध गायक कलाकार राम-श्याम बंधु भजनों की सरिता बहाएंगे। छप्पन भोग और प्रसाद की तैयारी के लिए पिछले तीन दिनों से 10 हलवाइयों की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। छप्पन भोग में काजू कतली, बर्फी, कलाकंद, रसगुल्ला और सोन हलवा सहित विभिन्न मिठाइयां शामिल होंगी।

सुबह साधु-संतों और कन्याओं को भोजन और दक्षिणा के साथ भंडारे का शुभारंभ होगा। बैठक में प्रदीप झालानी, विनोद सिंघल, संतोष गर्ग, विष्णु गर्ग, चंद्रभान गुप्ता, संजू पिंटू, मुकेश कुमार, हितेश गोयल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रात्री चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होकर सुनी समस्याएं

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल ने बुधवार को उपखंड कुम्हेर के रारह तहसील के दूरस्थ अंचल पहुंचे। यहां उन्होंने रात्रि चौपाल लगाई। ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को जानकर विकास कार्य में आ रहे अवरोधों को दूर कर तुरंत और यथासम्भव निराकरण की बात कही। इस मौके पर एसीईओ मोहन सिंह, एसडीएम देवी सिंह, तहसीलदार सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुना। जहां ग्रामीणों ने उनके समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं को प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क निर्माण, रास्तों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को तीन दिवस के अंदर संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 46 प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रारह तहसील की सीएचसी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुए वार्डों में रोगियों से बात कर उन्हें उपलब्ध हो रही चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने चिकित्सालय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें।

उन्होंने ओपीडी सुविधाओं का भी अवलोकन किया और भीड़ होने पर अलग से काउंटर लगाकर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। दवा वितरण केन्द्र के बाहर रोगियों से बात कर चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि दवा वितरण केंद्र सुचारू रूप से संचालित किया जाये। इसके पश्चात उन्होंने एक्स-रे, ईसीजी, ईएनटी, टीबी, सर्जिकल, ऑर्थो सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रोगियों ने अवगत करवाया कि चिकित्सालय में उपचार सुविधाएं बेहतर हैं। उपचार के लिये कोई शुल्क नहीं लिया गया और स्टाफ भलीभांति उपचार कर रहा है।

तहसील में निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं में आवंटित लक्ष्यों को पूरा करने, राजकीय रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत निर्धारित गतिविधियों को पूर्ण करने, रिकॉर्ड नियमित ऑनलाइन अपडेट करने, जांच कार्य समय पर पूरा करने के साथ-साथ पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

### अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाओं ने दिया एसडीएम को ज्ञापन
### सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# कहां पुलिस प्रशासन की मिली भगत से घर-घर अवैध सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से नाराज बयाना कस्बे के लाल दरवाजा इलाके की दर्जनों महिलाएं और पुरुष गुरुवार दोपहर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। महिलाओं और पुरुषों ने एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन पर अवैध शराब माफियाओं से मिलीभगत के खुलकर आरोप लगाए। इसके साथ ही प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर स्टेट हाईवे चक्का जाम कर आंदोलन करने और जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकालने की चेतावनी दी। लोगों ने एसडीएम दीपक मित्तल को ज्ञापन भी सौंपा। महिलाओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे जाटव समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र जाटव, सामाजिक कार्यकर्ता सोहन सिंह बौद्ध, भीम आर्मी के पूर्व जिला सचिव हिमांशु ने बताया कि लाल दरवाजा इलाका पूरी तरह से दलित बस्ती है। बस्ती में 24 घंटे अवैध शराब बिक रही है। अब तो माफिया बाइकों से घर-घर जाकर शराब सप्लाई करने लगे हैं। इस बारे में पुलिस प्रशासन को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। दबाव पड़ने पर पुलिस प्रशासन छोटी-मोटी कार्रवाई दिखाकर उच्च अधिकारियों को भ्रम में रख देते हैं।

महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब के कारण परिवार बर्बाद हो रहे हैं। घरों में आए दिन गृह क्लेश होता है। शराब पीकर लोग बस्ती में उत्पात मचाते हैं। इससे छोटे बच्चों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मजदूरी पेशा लोग शराब में सारे पैसे उड़ा देते हैं। उन्होंने जल्द कार्रवाई नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान लाल दरवाजा बस्ती की महिलाएं पूनम कुमारी, शीतल, शीला, माया, भगवान देई, पिंकी, बिरमा, लज्जा, इंदिरा देवी, जूली, मोहनदेई आदि मौजूद रहीं। एसडीएम दीपक मित्तल ने कहा कि ज्ञापन को मूल ही पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों को भेज कर कानून सम्मत तरीके से समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** बाल विकास परियोजना बहरोड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण का प्रारंभ आज बहरोड़ के उत्सव गार्डन में हुआ। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री सतपाल यादव द्वारा किया गया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के तहत आंगनवाड़ी केंद्रो पर पंजीकृत उसे 6 वर्ष के बालकों के समावेशी एवं सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय जन सह ?योग एवं बाल विकास संस्थान (निप्सिड) के सह ?योग से तैयार नवीन पाठ्?यक्रम आधारशिला एवं नवचेतना के अनुसार शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों एवं स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल के बारे में सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कर क्षमतावर्धन किया जा रहा है।

### नेक कमाई फाउंडेशन का कन्यादान कार्यक्रम

# ग्यारह बेटियों के एक साथ कन्यादान पर वातावरण हुआ भाव विभोर

## अतिथियों के साथ सैकड़ों लोगों की आंखों में आंसू आए

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट के सहयोग से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को 11 बेटियों का एक साथ कन्यादान का कार्यक्रम बहुत भावुक कर देने वाला था। ग्यारह बेटियों को शहर की विभिन्न संस्थाओं की प्रतिनिधि महिलाएं चुन्नी की छांव में दुल्हनों को लेकर आई तो सब की आंखों में आंसू आ गए। सभी अतिथियों और शहर के गणमान्य लोगों ने दुल्हनों के चरण छूकर उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम के मुखय अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहन लाल सोनी रहे। कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई अभी तक 229 बेटियों का कन्यादान कर चुकी है। इस वर्ष दो माह में 50 और कन्यादान के लिए सर्वे चल रहा है। फाउंडेशन के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि फाउंडेशन के दो सिलाई और कच्ची बस्तियों में बच्चों के लिए लर्निंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने सभी बेटियों को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी और सभी का परिचय कराया। कार्यक्रम में पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी, खैरथल पंजाबी महासभा के अध्यक्ष कपिल शर्मा, राष्ट्रीय विस्तारण सुरेश अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, प्रदेश महा सचिव प्रवीन गुलाटी व गिर्राज बाली आदि विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के अतिथियों में महावर महिला मंच की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता और सुरेश हुंडी वाले भी रहे। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अतिथियों का स्वागत मीना तनेजा, ललित बेनीवाल, विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव डा. आशुतोष शर्मा, उमा बजाज, गुरप्रीत सिंह पवित्र, प्रवीन बत्रा, सोनिका अरोड़ा, अंजना चौधरी, परम जीत सिंह गोगिया, अजय आनंद गोयल, सारिका गोयल, सुमन यादव, समाज सेविका कमला यादव, डा. निशा शर्मा, डा. उषा जैनख, शचि आर्य, अशोक आहूजा और कुंती अग्रवाल ने किया।

**सेवा भावी कार्यों के लिए किया सममानित :** कार्यक्रम में बेहतर सेवा कार्यों के लिए महिला परामर्श समिति की संयोजक डा. निशा शर्मा, सेंशन बयूटी संस्थान स्वयं सहायता समूह के संयोजक बिंदु कपूर, संकल्प महिला सशकितरण समिति की अध्यक्ष कल्पना शर्मा और समाज सेवा के क्षेत्र में अदिति गुप्ता को सममानित किया गया। कार्यक्रम में अरुणा देवड़ा ने भी कन्यादान किया।

# जॉब रेडीनेस प्रोग्राम के तहत टेक्नोलॉजी पार्क में हुई सेमिनार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( यतेन्द्र पाण्डेय् ) ।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत नेशनल स्किल डवलप कॉरपोरेशन के द्वारा भरतपुर कौशल महोत्सव के अन्तर्गत जॉब रेडीनेस प्रोग्राम के अंतर्गत श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में कॉरपोरेट ट्रेनर सोनिया माहेश्वरी ने की एक दिवसीय सेमिनार इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ.आलोक शर्मा ने बुके भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। डॉ.संजू शर्मा, डॉ.पुष्पा चौधरी, डॉ.नीता माथुर, डॉ. राजकमल दिवाकर, डॉ.गौरव करोला,डॉ सचिन सैनी, डॉ पूनम चौधरी ,अशोक गुर्जर ,विनोद अवस्थी ,राममोहन , डी सी सैनी सहित समस्त स्टाफ ने भी भरतपुर संभाग पर होने वाले आगामी 19 तारीख को वृहद रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने एवं अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया उल्लेखनीय है कि भरतपुर संभाग पर सबसे बड़ा रोजगार मेला आगामी 19 तारीख को लग रहा है जिसमें पूरे भारत से 94 कंपनियां भाग ले रही हैं जो युवाओं को बिना किसी दलाल के सीधे ही रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे, जिसमें अधिक से अधिक युवा रोजगार के अवसरों का लाभ प्राप्त कर सकते !

# कैंसर विश्व स्तर पर मृत्यु का एक प्रमुख कारण : डॉक्टर सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** कैंसर एक ऐसा रोग है जो शरीर के किसी भी भाग को प्रभावित कर सकता है, इस रोग में सामान्य कोशिकाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होती है जो अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर आसपास के शरीर के अंगों को संक्रमित करके अन्य अंगों में फैल जाती है ,कैंसर विश्व स्तर पर मृत्यु का एक प्रमुख कारण है।यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर उदयभान सिंह का, डॉक्टर सिंह का कहना है कि कैंसर का एक प्रमुख पहलू यह है कि इस रोग की पहचान प्रारंभिक स्तर पर होने पर इसका इलाज संभव है, पहचान में देरी से इसका इलाज कठिन और पीड़ा दायक होता है, डॉक्टर सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसके अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे । अन्य वक्ताओं ने कहा कि कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए हमें फल और सब्जियों सहित संतुलित आहार लेना चाहिए, तंबाकू से परहेज करें, शराब या अन्य नशा को त्याग दें, कैंसर स्क्रीनिंग परीक्षण नियमित करवाते रहे।कैंसर के कारण विश्व में लगभग एक करोड़ से अधिक मौत होती हैं जिसमें स्तन कैंसर फेफड़े व मलास्य, प्रोस्टेट त्वचा व पेट कैंसर प्रमुख है । महिलाओं में 25त्न एवं पुरुषों में 50त्न कैंसर के लिए तंबाकू का उपयोग जिम्मेदार है आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता लाकर कैंसर की रोकथाम संभव है।

# महिलाओं ने वृक्षों की पूजा अर्चना व परिक्रमा करके अपनी व अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** महिलाओं ने गुरुवार को वृक्षों की पूजा अर्चना व उनकी परिक्रमाएं करके अपनी व अपने परिवार की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामनाएं कीं। महिलाओं ने बताया कि आज कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की षष्ठमी के अवसर पर कल्प वृक्ष, वटवृक्ष , पीपल, व केला एवं छौकरा , तथा तुलसी आदि के पेड़ों की पूजा अर्चना कर उनकी 108 परिक्रमाएं भी दी गई ।तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।एस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि पहले कस्बे में बहुत सारे बगीचे , बगीचीयां थी , जिनमें सभी तरह के पेड़ पौधे व वृक्ष हुआ करते थे। जो अब आवासीय और व्यवसायिक परिसरों में परिवर्तित हो गए हैं। जिसके कारण अब ऐसी पूजा अर्चना के कार्यक्रमों के समय काफी परेशानीयां होती है।

महिलाओं ने बताया कि कार्तिक के महीने में पूरे तीस दिनों तक सूर्य उदय से पहले महिलाएं कुओं या जल कूपों पर जाकर स्नान ध्यान करती है उसके पश्चात मंदिरों में पूजा अर्चना करती है और पूरे महीने प्रतिदिन अलग-अलग तरह के पेड़ पौधों की पूजा अर्चना भी की जाती है जिनका विशेष धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बताया गया है। वही ऐसे धार्मिक उत्सवों से पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण को भी बढ़ावा मिलता है।

### हिन्दुस्तान जिंक द्वारा राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में बाल शिक्षा को बढ़ावा हेतु 36 करोड़ का निवेश

# जयपुर में राइजिंग राजस्थान शिक्षा प्री-सम्मिट में शिक्षा विभाग राजस्थान के साथ 72 राजकीय विद्यालयों को बढ़ावा देने के लिए एमओयू

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)** । भारत की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान शिक्षा विभाग के साथ एमओयू के माध्यम से अगले पांच वर्षों में बाल शिक्षा कोबढ़ावा देने हेतु 36 करोड़ रूपयें के निवेश की घोषणा की। जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान एजुकेशन प्री-सम्मिट में हस्ताक्षरित, यह एमओयू मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावरऔर युवा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। एमओयू पर कंपनी की ओर से हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने हस्ताक्षर किए तथा एमओयू काआदान-प्रदान राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान अविचल चतुर्वेदी एवं वेदांता हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर हेड अनुपम निधि के बीच हुआ।

एमओयू कंपनी के शिक्षा संबल पहल के माध्यम से प्रदेश में छात्रों के विकास के लिए तीन मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित शिक्षा संबल पहल के माध्यम से, हिंदुस्तान जिंक प्रशिक्षित शिक्षकों, अनुकूलित शिक्षण विधियों और माध्यमिक छात्रों के लिए सामयिक शिविरों के माध्यम से छात्रों के सीखने की जरूरतों को पूरा करेगा। इसमें शैक्षणिक सफलताके लिए मजबूत आधार हेतु राजकीय विद्यालय के शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण भी शामिल है। साथ ही चयनित विद्यालयों को आधुनिक कक्षाओं, स्वच्छता सुविधाओं, प्रौद्योगिकी और व्यावहारिक शिक्षण सामग्री सेसुसज्जित आदर्श संस्थानों में अपग्रेड किया जाएगा, जो समकालीन शैक्षिक मानकों के अनुरूप सीखने के वातावरण को बढ़ावा देगा। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, हिंदुस्तान जिंक सार्थक करियर हेतुआवश्यक ज्ञान और उपकरणों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए करियर मार्गदर्शन और कौशल प्रशिक्षण को प्राथमिकता देगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास का प्राथमिक आधार है, शैक्षिक विकास पर केंद्रित कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान की अपार संभावनाओं कोस्वीकार करते हुए उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के युवाओं की क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करना है।

सीमित समय के बावजूद, उन्होंने राइजिंग राजस्थान को मिले असाधारण समर्थन और इसकी सफलता में योगदानदेने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस पहल पर प्रकाश डालते हुए हिन्दुस्तान जिंक के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि, हिंदुस्तान जिंक में, हम शिक्षा और सशक्तीकरण को परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।प्रदेश के युवा और यहां का विकास इसके समग्र पोषण पर निर्भर करता है।यह साझेदारी राजस्थान के भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हिंदुस्तान जिंक की प्रमुख शिक्षा-केंद्रित पहल, शिक्षा संबल, 2008 से राजस्थान में संचालित हो रही है, जो ग्रामीण और वंचित समुदायों में सालाना 2 लाख से अधिक बच्चों को लाभान्वित कर रही है। कंपनी ने ग्रामीण बच्चों मेंविकास को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान और उत्तराखंड में 1400 से अधिक नंद घर स्थापित किए हैं, जिससे 2.5 लाख से अधिक महिलाएं और बच्चे लाभान्वित हुए हैं। अब तक कंपनी ने शैक्षिक पहलों में महत्वपूर्ण निवेश किया है।

### वंडर सीमेंट द्वारा स्थापित ज्ञान केन्द्र के छात्र का राजकीय सेवा में चयन

## छात्रों के शैक्षणिक उन्नयन हेतु सदैव तत्पर, वंडर सीमेंट : नितिन जैन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)** । वंडर सीमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा द्वारा ग्राम पंचायत बड़ोली माधोसिंह के भवन में स्थापित मिशन एकलव्य ज्ञान केन्द्र में नि:शुल्क अध्ययन करते हुए ग्राम में सामान्य परिवार के जीतेन्द्र सिंह सोलंकी ने राजस्थान कांस्टेबल परीक्षा में जिले की इडब्ल्युएस श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त कर राजस्थान पुलिस विभाग में नियमित सेवाओं अपना स्थान तय कर अपने सपनों को साकार किया। इस उपलब्धि के लिये वंडर सीमेंट के यूनिट हेड नितिन जैन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की जीतेन्द्र ने निरन्तर अध्ययन कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाकर अपने परिवार का नाम रोशन किया हैं। इससे राजकीय सेवाओं के लिये निरन्तर प्रयासरत अभ्यर्थियों का भी उत्साह बढ़ेगा। श्री जैन ने बताया की वंडर सीमेंट आरम्भ से हि छात्रों के शैक्षणिक उन्नयन हेतु तत्पर रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण परियोजना क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले 4 ज्ञान केन्द्र है, जिनमें छात्रों को राजकीय सेवाओं में चयन हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिये नि:शुल्क गाईड, पुस्तके, मार्गदर्शिका, नोट्स इत्यादि सहित पर्याप्त फर्निचर, इन्वर्टर इत्यादि सूविधाएं उपलब्ध करवाई गई है।

इस दौरान जीतेन्द्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, वंडर सीमेंट प्रबंधन, ग्राम पंचायत प्रबंधन एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त ज्ञान केन्द्रों के साथ हि, वंडर सीमेंट रूरल डेवलपमेंट सेंटर में वर्तमान में कक्षा 8 से कक्षा 12 तक की शैक्षणिक उन्नयन कक्षाओं का संचालन नियमित जारी है तथा छात्रवृति परीक्षा एन.एम.एम.एस और एन.टी.एस.इ. तथा नवोदय की परिक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही हैं। साथही राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में होने वाली भर्तियों हेतु जारी कैलेंडर के अनुसार रीट परीक्षा (राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा) कि नि:शुल्क कोचिंग भी नियमित संचालित कर दी गई हैं।

### अरबन बैंक की कपासन शाखा ने स्थापना दिवस मनाया

## ग्राहक की संतुष्टि ही मुख्य ध्येय : वन्दना वजीरानी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)** । चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की कपासन शाखा का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। कपासन शाखा के स्थापना दिवस पर बैंक की प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी ने शुभकामनाएं देते हुए मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का समय है। इस प्रतिस्पर्धा के समय में ग्राहक को संतुष्ट करते हुए संकल्प- 2025 की ओर बढना है। ग्राहक की संतुष्ठि ही बैंक का प्रमुख ध्येय है। ग्राहकों को त्वरित समस्त तकनीकी युक्त सुविधाएं बैंक सदस्यों, ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबन्धक दिनेश खण्डेलवाल ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं शाखा में मिले इसके लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। उन्होनें कहा कि ग्राहकों के सहयोग से ही कोई भी संस्था प्रगति कर सकती है ऐसे में सभी ग्राहक इस शाखा को आदर्श शाखा के रूप में विकसित करने में सहयोग प्रदान करे एवं ग्राहकों को किसी भी तरह की परेशानी या असुविधा होने पर बैंक प्रबन्धन से सीधे सम्पर्क कर सकते है। गोष्ठी के प्रारम्भ मे शाखा प्रबन्धक ने शाखा की प्रगति की जानकारी देते हुए समस्त ग्राहको का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राहकों ने बैंक द्वारा दी जा रही आधुनिकतम सुविधाओं के लिए बैंक अध्यक्ष आई.एम. सेठिया व संचालक मण्डल एवं बैंक प्रबन्धन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक दामोदर लाल चेचाणी, मनीष पाराशर, आशीष बारेगामा, मुकेश लढ़ा, रामकिशन उपाध्याय सहित अशोक चण्डालिया, भागीरथ खटीक, अशोक उपाध्याय, अभिषेक पाराशर, सुनील चण्डालिया, सतीश नन्दवाना, तिलक आचार्य, कुलदीप बारेगामा, गोविन्द सिंह रावत, लोकेश गर्ग, संजय कुमार मोदी, ओमप्रकाश भट्ट, दिलीप कुमार बारेगामा, अनिल मोदी, रामस्वरूप जाट, दीपक रेगर, आशीष नन्दवाना, किशन आचार्य, घनश्याम वैष्णव, गौरव बारेगामा, राजेन्द्र तिवारी, दिनेश उपाध्याय, सत्यप्रकाश टेलर, संदीप सोमानी, भगवती लाल जोशी आदि उपस्थित थे। ग्राहकगणों द्वारा बैंक की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के बारे में सुझाव दिये एवं बैंक की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा परिसर में विशेष सजावट की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रबन्धक (प्रशासन) जे.पी. जोषी एवं आभार शाखा प्रबन्धक दामोदर लाल चेचाणी ने व्यक्त किया।

## किन्नर नैना देवी ने लगाया अपनी जान पर खतरे का आरोप बोली पुलिस नहीं कर रही सुनवाई, समझौते का बना रही है दबाव

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)**। गुमानपुरा बल्लबाडी क्षेत्र की किन्नर नैना देवी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। प्रेस क्लब कोटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान, किन्नर नैना देवी, रीना और काजल ने डीसीएम क्षेत्र की गद्दीपती किन्नर मनीषा पर गंभीर आरोप लगाए। नैना देवी ने बताया कि मनीषा लगातार उन्हें जान से मारने की धमकियां देती हैं और उनके खिलाफ हिंसा भड़काती है। मनीषा द्वारा भेजे गए बदमाशों ने कई बार मुझ पर हमले किए हैं। पिछले कुछ महीनों में मुझ पर दो से तीन बार हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मनीषा उन्हें गुमानपुरा, बल्लबाडी क्षेत्र और कोटा छोड़ने की धमकी देती है। नैना ने बताया कि मैं पहले भी मनीषा की धमकियों से परेशान होकर कोटा छोड़ चुकी हूं और पंजाब में 6 साल तक रही। बाद में मनीषा ही मुझे वापस कोटा लाई और गुमानपुरा में काम सौंपा, लेकिन अब फिर से वह मुझे परेशान कर रही है। किन्नर काजल ने बताया कि दो साल पहले मनीषा ने दादाबाड़ी क्षेत्र में उन पर हमला करवाया था, जिसमें उनके हाथ और पैर तोड़ दिए गए थे। उन्होंने कहा, मनीषा ने पूरे शहर में दहशत का माहौल बना रखा है। उसे शहर से बाहर भेजा जाना चाहिए ताकि अमन-चैन बना रहे। नहीं तो किसी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। किन्नर रीना ने भी मनीषा के खौफ का जिक्र करते हुए कहा, मनीषा ने थानों में झूठी शिकायतें दर्ज करवा रखी हैं ताकि हम पर मानसिक दबाव बना रहे। उसने जबरन इलाकों पर कब्जा किया है और उसी के लिए झगड़ा कर रही है। पीड़ित किन्नरों ने प्रशासन से मनीषा पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। काजल ने यह भी आरोप लगाया कि मनीषा ने प्रतिबंधित पिटबुल डॉग पाल रखे हैं, जिससे लोगों में दहशत है। पिटबुल डॉग बेहद खतरनाक जानवर है। मनीषा इन पिटबुल से गायों को कटवाती है।

## एकल महिलाये नये भारत का निर्माण करेंगी : ओम बिरला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)**। आज एकल नारी शक्ति संस्थान कार्यालय 3 पीपल्दा हाउस राजभवन रोड, सिविल लाइन कोटा मे एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा बहिना दूज जश्न बहिनचारे का कार्यक्रम जोश पूर्ण तरीके से मनाया गयाद्य कार्यक्रम के मुख्य अथिति लोकसभा स्पीकर ओम बिरला रहे. कार्यक्रम मे अलग अलग क्षेत्र की 250 से अधिक एकल महिलाओं ने लाल चुनरी ओढ़ कर जश्न बहिनचारे के कार्यक्रम में भाग लिया।

बहनों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया व बीरा के गीत भी गाये। ओम बिरला ने सभी बहिनों को सम्बोधित करते हुए कहा की मे जनता हुं की एकल महिलाओं के जीवन में बहुत संघर्ष और चुनौतियां हैं उसके बावजूद भी वह काफी मजबूत है यह साबित कर दिया कि यह नए भारत का निर्माण करेंगे साथी कहा कि एकल महिलाओं को स्थानीय स्तर राज्य स्तर या दिल्ली तक कोई भी समस्या है तो उनका भाई उनके साथ है उनकी हर समस्या को समाधान करने में सहयोग करेंगे, और जो एकल नारी संगठन ने परिवर्तन का बीड़ा उठाया है वह जरूर पूर्ण होगा एकल महिलाओं की जो भी मांगे मुझे दी गई है वह मैं भारत सरकार तक जरूर पहुंचाऊंगा और एकल महिलाओं के लिए विशेष नीति बने इसके लिए प्रयास करुगाद्य मबिरला जी द्वारा बहन दूज के अवसर पर सभी बहनों को गिफ्ट के रूप में साड़ी व भोजन पेकिट वितरण किये गए ।

कार्यक्रम के दौरान सभी बहिनों ने एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर एक दूसरे के सुख दुख मे साथ निभाने का वादा किया और सपथ ली की ना किसी पर हिंसा करेंगे और ना हिंसा को सहन करेंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक मनोज मीणा ने इदिरा शक्ति योजना, रोजगार से जुडी योजना के बारे मे जानकारी दी और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग उपनिदेशक सविता कृष्णया द्वारा अपने विभाग की जानकारी के साथ बहिना दूज की शुभकामनायें दी गई ।

## पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने की दिपावली की राम राम व्यापारियों व आमजन को दी दीपावली की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)**। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने दिपावली की राम राम कर व्यापारियों व आमजन को दीपावली की शुभकामनाएं दी । गुंजल ने पाटनपोल सिंहद्वार से भूरिया गणेश जी के दर्शन कर पाटनपोल, मकबरा, घंटाघर, विजय मार्केट, चारखंभा, अग्रसेन बाजार, बक्शपुरी कुंड की गली, रघुनाथ चौक, रामपुरा मुख्य बाजार से लाडपुरा दरवाजे तक आम लोगों व व्यापारियों से मिलकर दिपावली की राम राम की तो लोगों ने भी गुंजल का जगह जगह स्वागत द्वार लगाकर फूलमालाओं से, मिठाइया खिलाकर, आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया इस दौरान कांग्रेस नेता महेंद्र शर्मा, अनूप ठाकुर, नीरज शर्मा, विपिन बरथुनिया, यश मालवीय, ललित सरदार, पूर्व पार्षद दिलीप पाठक, प्रदीप मालवीय, राधेश्याम वर्मा, अंकुर सेठिया, माया जैन, मंजू चौधरी, रेहाना अंसारी, शहनाज कुरैशीसहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओम बिरला ने केशोरायपाटन में 13.80 करोड़ के 80 विकास कार्यों का डिजिटल माध्यम से बटन दबाकर शिलान्यास लोकार्पण किया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)**। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा बूंदी के दौरे पर है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अपने दौरे के दौरान केशवराव पाटन पहुंचे । यहां पर पंचायत समिति में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

जिसमें विद्यालय भवन ,सड़क निर्माण ,चार दीवारी, निर्माण,जयजल ,खेल मैदान समुदाय भवन सहित 13.80 करोड़ के 80 विकास कार्यों का डिजिटल माध्यम से बटन दबाकर शिलान्यास लोकार्पण किया ।

इस दौरान पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा ,के.पाटन पंचायत समिति प्रधान वीरेंद्र सिंह, राकेश बॉयत, नगर पालिका उप चेयरमैन गणेश गुर्जर, वार्ड मेंबर हजीत केवट, राकेश नामा, मौजूद रहे । लोक सभा स्पीकर ओम बिरला का कहना था कि चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य ,और विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी ।

वही एयरपोर्ट का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो, इसको लेकर अधिकारियों से दिल्ली में मीटिंग हो चुकी है, जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने नजर आएंगे। के पाटन पंचायत समिति पहुंचने पर लोकसभा स्पीकर का पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जोर दार स्वागत किया ।

## आमजन को दीपावली की शुभकामना देने निकले विधायक कालूराम मेघवाल

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला (नि.स.)**। झालावाड़ जिले की डग विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कालूराम मेघवाल चौमहला,उन्हेल मंडल के पदाधिकारियों ,जिला कार्यकारिणी सदस्यों व स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ क्षेत्र के चौमहला कस्बे में आमजन को दीपावली की शुभ कामना देने निकले,इस दौरान व्यापारियों ,सब्जी के ठेले वाले ,रेहड़ी लगाने वाले ,व छोटे छोटे दुकानदारों से रूबरू मिलकर ,दीपावली की रामा - श्यामि कर बधाई दी ,आमजन से पैदल चलकर घर घर जा कर लोगो मिलकर कर दीपावली की शुभकामना दी वही नागरिको ने भी अपने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत कर ,मिठाई खिलाकर व अल्पाहार करवा कर सम्मान किया ,इस अवसर पर लोगो के अभाव अभियोग भी सुने ,कई जगह नागरिको व किसानों ने अपनी समस्याओं से जुड़ी मांगो से अवगत कराया तो कही किसानों ने बिजली 6 घंटे देने की मांग की , अफीम के पट्टे नही मिलने की शिकायत पर जिला नारकोटिक्स अधिकारी से मोबाइल पर बात कर समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए ।इस दौरान विधायक कालूराम मेघवाल के साथ मंडल अध्यक्ष गौतम ओसवाल ,सुल्तान सिंह ,जिलामंत्री करन सिंह परिहार ,श्याम सिंह उपाध्यक्ष उन्हेल ,भगवान सिंह भाजपा नेता , देवी सिंह पूर्व सरपंच तलावली ,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अशोक गायरी ,सीताराम वर्मा,मंडल महामंत्री आदित्य कटारिया , शंकर सिंह ताज खेड़ी ,विजय सिंह उन्हैल,पुर सिंह ढाबला ,विजय सिंह सरपंच ,बंशीलाल शर्मा ,मोहन लाल शर्मा ,संजय राठौर ,बाबू कटारिया सहित गणमान्य नागरिक साथ रहे।

## राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# शिक्षकों की अटकी डीपीसी शुरू करने व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने की उठी मांगे

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान की अध्यक्षता में होटल गणगौर जयपुर में आयोजित की गई।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछले काफी समय से शिक्षा विभाग का पूरा ढांचा बिगड़ा हुआ पड़ा है। पिछले चार सत्रों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक की पदोन्नतियां नहीं होने से प्रदेश के स्कूलों में हजारों वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता व शिक्षा अधिकारियों के पद रिक्त होने से विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। चार महीने बाद भी छात्रों को स्कूल यूनिफार्म नहीं मिली है। प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में 37 हजार से अधिक शिक्षक दो साल से अधिशेष चल रहे हैं, लेकिन उनका समायोजन नहीं किया जा रहा है। बैठक में संघ के नवीन संशोधित विधान के प्रारूप का अनुमोदन कर तैयार करने संघ का पंजीयन कराने के प्रस्ताव पारित कर कई नीतिगत निर्णय लिए गए। इस दौरान सतीश जैन को संघ का नया कोषाध्यक्ष बनाकर पूर्व कोषाध्यक्ष सीताराम शर्मा का सम्मान किया गया।संघ के प्रवक्ता नारायण सिंह ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री ,शिक्षामंत्री एवं शीर्ष अधिकारियों से मिलकर शिक्षक संवर्ग की वर्षों से रुकी हुई डीपीसी कराने, राज्य में शिक्षकों की पारदर्शी तबादला नीति बनाकर डिजायर सिस्टम समाप्त कराकर जल्द सभी श्रेणी के शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों को मिड डे मील ,दूध वितरण, बीएलओ सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, न्यायालय प्रकरणों का निस्तारण होने तक वरिष्ठ अध्यापक ,व्याख्याता, वाइस प्रिंसिपल डीईओ को तदर्थ पदोन्नति देने,ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक कर्मचारियों को 10 फ़ीसदी विशेष ग्रामीण भत्ता देने, युवा एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले इसके लिए उप प्रधानाचार्य के वर्तमान सेवा नियमों में संशोधन कर 50 फीसदी पद सीधी भर्ती से भरे जाने के प्रावधान लागू करने, शिक्षक व कर्मचारियों को 8,16 ,24 व 32 वर्षीय सेवा पर पदोन्नति पद का चयनित वेतनमान दिए जाने आदि मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन देकर वार्ता की जाएगी। बैठक में विजय कुमार शर्मा, भंवरराम जाखड़ ,ऋषि कुमार यादव, रामप्रताप मीणा,सीताराम शर्मा सत्येंद्र सिंह यादव, मनोज शर्मा,कन्हैया लाल सैनी, धौलपुर जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर,सतीश जैन ,रूपलाल मीणा ,स्वरूप सिंह शक्तावत ,मुकेश मीणा,मोहम्मद जाकिर, नवीन व्यास, महेंद्र सिंह, रनवीर यादव सहित प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही का संचालन प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने किया।

**पूर्व कोषाध्यक्ष सीताराम शर्मा को दी विदाई सतीश जैन को सौंपी नई जिम्मेदारी :** प्रदेश कार्य कार्यकारिणी की बैठक में पिछले 20 सालों से कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे कोटा के सीताराम शर्मा के राजकीय सेवा सेवा से सेवा निवृत होने पर विदाई दी गई। उनके स्थान पर उदयपुर के सतीश जैन को नया कोषाध्यक्ष बनाया गया ।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा सहित अन्य ने दोनो पदाधिकारियों का साफा पहनाकर माला पहनाकर स्वागत किया।



## जिला कलक्टर ने की समोना में जनसुनवाई

# परिवादियों की समस्या का हो हर सम्भव समाधान : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत समोना में जनसुनवाई की। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये।

जनसुनवाई के दौरान परिवादी परिवादी रामनिवास ने जमाबन्दी खाते में जाति शुद्धि कराये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा को समुचित कार्यवाही करते हुए परिवादी की समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिये। परिवादी आसाराम ने विद्युत बिल में संशोधन कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने सहायक अभियन्ता जेवीवीएनएल को मामले के समुचित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। परिवादी वैभव कुमार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालय के पुनर्भरण राशि के भुगतान न होने के मामले में त्वरित भुगतान की कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं परिवादी सुभाष द्वारा दर्ज खेत पर अतिक्रमण की शिकायत पर तहसीलदार राजाखेडा को टीम गठित कर मौका जांच कर समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। परिवादी भीकाराम द्वारा दर्ज पेयजल की शिकायत पर हैंडपंप स्वीकृति निकाल त्वरित कार्यादेश देकर कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये। परिवादी रामेश्वर द्वारा प्रस्तुत खेत की पैमाइश कराये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को पैमाइश कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवादियों द्वारा दर्ज किये गये परिवादों का सम्बंधित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करें। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जन सुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा वर्षा मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री धर्मार्थ सहायता समिति का दायित्व ग्रहण और दीपावली मिलन समारोह आयोजित

# पुरुष और महिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन नर सेवा नारायण सेवा सर्वोपरि : साध्वी जया प्रिया दीदी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** सत्यनारायण धर्मशाला बाड़ी में श्री धर्माथ सहायता समिति बाड़ी की पुरुष एवं महिला इकाई का शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी जया प्रिया दीदी रही कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्जवलित कर की गई समिति के पूर्व महामंत्री दिलीप मंगल द्वारा समिति का 2 वर्ष का प्रतिवेदन सदन के समक्ष रखा उन्होंने बताया की समिति द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्प निर्धारित किए गए हैं इन प्रकल्पों के आधार पर समिति सदस्य प्रतिवर्ष अपनी सेवाएं देती है जिनमें प्रमुख रूप से धार्मिक अनुष्ठान, प्रसादी वितरण, पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण ,बौद्धिक प्रतियोगिताएं , सुहानी सर्दी हेतु वस्त्र वितरण रक्तदान एवम नेत्र परीक्षण शिविर प्रमुख हैं मुख्य अतिथि वृंदावन से आई हुई साध्वी जया प्रिया दीदी ने अपनी अमृतवाणी से प्रवचन दिए उन्होंने धर्म अर्थ काम और मोक्ष को मानव जीवन का परम लक्ष्य बताया और मनुष्य को अपने जीवन में निरंतर परोपकार करने की बात कही समिति के महामंत्री सुरेश बिंदल जी द्वारा समस्त अतिथियों गणमान्य नागरिकों एवं उपस्थित बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित किया समिति अध्यक्ष मनोज शिवहरे द्वारा समिति की आगामी रूपरेखा एवं कार्य योजना प्रस्तुत की इस अवसर पर मुख्यअतिथि द्वारा पुरुष एवं महिला इकाई को पद की शपथ दिलाई गई महिला इकाई की संरक्षक शालिनी गर्ग अध्यक्ष भावना शिवहरे महामंत्री राधा बिंदल और कोषाध्यक्ष अंजना मंगल मीडिया प्रभारी सीमा मंगल उपमंत्री रजनी गोयल संगठन मंत्री चित्रा गर्ग सूचना मंत्री जूली मंगलउपाध्यक्ष निशा गर्ग निरीक्षक श्रष्टि गोयल ने शपथ ली पुरुष इकाई के संरक्षक महावीर गोयल अध्यक्ष मनोज शिवहरे महामंत्री सुरेश बिंदल कोषाध्यक्ष योगेश गोयल संगठन मंत्री हरदेव सिंह सूचना मंत्री श्री भगवान मंगल मीडिया प्रभारी दिलीप मंगल निरीक्षक किशोर मंगल उप मंत्री सत्यदेव गर्ग कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल सुभाष चंद्र बंसल राजकुमार गर्ग राजकुमार मोदी मुकेश गर्ग बृज कुमार गर्ग पवन गर्ग राजेश मंगल दुर्गा प्रसाद गर्ग अमित मंगल द्वारा शपथ ली गई इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिन्हें प्रमुख रूप से डॉक्टर शिवदयाल मंगल रोशनी शिवहरे सेवादल जिला महासचिव बंदना शिवहरे भाजपा कार्यकर्ता सदस्य पीएमओ बाड़ी डॉक्टर हरिकिशन मंगल पी डी अग्रवाल सचिन बंसल विशाल गर्ग अंजनी पाराशर, महेश भटेले,डाक्टर जितेंद्र पाराशर रामकुमार चौधरी संजय गोयल रामसेवक मंगल प्रमोद गर्ग रामनिवास अग्रवंशी रोहित मंगल द्वारका प्रसाद गोयल आदि बंधु उपस्थित रहे।

# धौलपुर-राजाखेड़ा मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बस बंद यात्री हो रहे परेशान

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** रोडवेज डिपो पर राजाखेड़ा के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। यात्रियों ने बताया कि प्रतिदिन शाम को धौलपुर से राजाखेड़ा के लिए शाम 5 बजे और 6 बजे रोडवेज की बसे सालों से संचालित हो रही थी। जिनसे बड़ी संख्या में राजाखेड़ा एवं दूर दराज के गांव के किसान, छात्र, महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों के साथ ही शहर में काम करने वाले कार्मिक वापस लौटते थे। लेकिन रोडवेज प्रशासन लगातार इन बसों को बंद करने की कोशिश करता रहता है।

जिससे राजाखेड़ा के लोग परेशान हैं। राजाखेड़ा और दूरदराज के गांवों के यात्री शाम 5 बजे वाली बस से राजाखेड़ा जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे तो स्टैंड पर बस के नहीं होने से इधर-उधर भटकते नजर आये। इसके साथ ही यात्री अवनीश कुमार ने बताया कि दोपहर में 2 बजकर 40 मिनट के बाद राजाखेड़ा के लिए सीधे शाम 5 बजे बस थी। इस बीच के समय में यात्रियों को प्राइवेट बसों, डग्गेमार साधनों एवं जान जोखिम में डालकर ऑटो से सफर करना पड़ा। रोडवेज प्रशासन राजाखेड़ा के यात्रियों की इस परेशानी को दूर करने की बजाय शाम की बसों को बंद करने पर तुला है। धौलपुर रोडवेज प्रशासन, राजाखेड़ा के यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा हैं। यात्रियों ने बताया है कि पूर्व में धौलपुर से दोपहर 130 बजे और राजाखेड़ा से 11.30 पर भी बसें चलती थी। जिनको कोरोना के नाम पर बंद कर दिया गया। जो आज तक पुन: शुरू नहीं की गई है। जिसके कारण यात्रियों को रोज परेशान होना पड़ता हैं।

**इनका कहना है :** इस मामलें में अधिकारी ने बताया कि राजाखेड़ा जाने वाली किसी भी रोडवेज बस को बंद नही किया गया हैं। बसें तय समय अनुसार संचालित हो रही हैं।

**राकेश कुमार, मुख्य प्रबंधक रोडवेज धौलपुर**

# धौलपुर और करौली में बनेगा पांचवां टाइगर रिजर्व : पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा 31 ग्राम पंचायत के 108 गांव होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर और करौली जिले में जल्द ही पांचवां टाइगर रिजर्व जोन बनेगा। जिसके लिए सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। दोनों जिलों में बनाए जा रहे पांचवें टाइगर रिजर्व में 31 ग्राम पंचायत के 108 गांव शामिल किए गए हैं। धौलपुर जिले के उप वन संरक्षक वन्य जीव नाहर सिंह ने बताया कि धौलपुर जिले में पांच सेंचुरी हैं। जिनमें केशरबाग, वन विहार, रामसागर, चम्बल अभयारण्य और धौलपुर सेंचुरी शामिल हैं। इन सबको मिलाकर धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। इसका कोर घोषित हो चुका है और बफर जोन चिह्नित कर केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। केंद्र सरकार से स्वीकृति आने के बाद जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि एक नर और एक मादा टाइगर के साथ तीन शावक वन्य क्षेत्र में मौजूद हैं। जिनके साथ वन्य क्षेत्र में भालू, जरख सहित कई जंगली जानवर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कुल पांच टाइगर वर्तमान में जिले के सरमथुरा क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। जिनके साथ ही एक मादा टाइगर का मूवमेंट करौली वन क्षेत्र में अक्सर बना रहता है। धौलपुर के जंगलों में पैंथर, भालू और अन्य वन्य जीव अच्छी संख्या में हैं। धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व का कोर एरिया करीब 599 वर्ग किलोमीटर घोषित किया गया है और बफर एरिया 457 वर्ग किलोमीटर है। टाइगर रिजर्व एरिया में आ रहे सभी गांवों का निर्धारण कर लिया गया है। 31 ग्राम पंचायत के 108 गांव होंगे शामिल वन्य जीव संरक्षक नाहर सिंह ने बताया कि राजस्थान के पांचवें टाइगर रिजर्व एरिया के लिए धौलपुर और करौली जिले की 31 ग्राम पंचायतों में आने वाली जमीन को उपयुक्त माना है। जिसमें धौलपुर जिले के 60 और करौली जिले 48 गांव शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में आने वाले 108 गांव और ढाणियों को विस्थापित करने के लिए केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद इनको विस्थापित करने की कवायद शुरू की जाएगी।

### विस्थापित परिवारों को दी जाएगी मुआवजा राशि

विभाग द्वारा जिन परिवारों के पास अधिक जमीन नहीं है, उन विस्थापित परिवारों को जमीन या फिर मुआवजा राशि दी जाएगी। टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल एक हजार 75 वर्ग किलोमीटर है। जिसमें 599 स्क्वायर किलोमीटर कोर एरिया है और 457 स्क्वायर किलोमीटर बफर एरिया शामिल है। बता दें कि 21 साल या इससे अधिक उम्र को मुआवजा दिया जाएगा। परिवार में पति और पत्नी को मुखिया माना गया है। दोनों को 15-15 लाख रुपए मुआवजा राशि दी जाएगी। अगर परिवार में बच्चे 21 साल या इससे अधिक उम्र के सदस्य हैं तो प्रत्येक को मुआवजा राशि 15-15 लाख रुपए दी जाएगी।

# शहर में अपराध के प्रति एसपी के आसूचना अधिकारी की पकड़ मजबूत

## रीको में मसाला फैक्ट्री में चोरी की घटना का हुआ खुलासा, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**करौली ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय पर रीको क्षेत्र स्थित मसाला फैक्ट्री में चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने चोरी को कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद किया है। आरोपी की गिरफ्तारी में डीएसबी शाखा कांस्टेबल मनोज कुमार की विशेष भूमिका रही। करौली थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि 3 नवंबर को थाने में रवि कुमार पुत्र संत कुमार उम्र 42 साल निवासी साईनाथ खिड़कियां ने एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में बताया कि उसकी रीको एरिया में मसाला फैक्ट्री है। मसाला फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर सीसीटीवी कैमरा की हार्ड डिस्क, बैटरी, इनवर्टर, एलइडी टीवी और नकद 2500 रुपए सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता दीपावली पूजन और साफ सफाई के दौरान लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान करौली शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्धों से पूछताछ की। इस दौरान हेड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल लक्ष्मण, सुजान और मनोज कुमार की टीम गठित की गई। टीम ने चोरी के आरोपी जम्मू पुत्र जगनमोहन माली निवासी नदी बरखेड़ा को लाकर पूछताछ की आरोपी ने अपने साथी मनीष के साथ रीको एरिया में मसाला फैक्ट्री में चोरी करना कबूल किया है। जिस पर पुलिस ने मनीष माली पुत्र प्रभु माली उम्र 20 साल निवासी गुलर घटा के घर दबिश देकर उसे भी पकड़ लिया। आरोपियों ने पूछताछ में रिको फैक्ट्री मसाला फैक्ट्री में चोरी की वारदात को कबूल किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य घटनाओं को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

# स्पाइसी ट्रीट और सोना ब्रिक्स ने जीते फाइनल मुकाबले : शहीद भगत सिंह बेबी फुटबॉल लीग का समापन, श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** इंदिरा गांधी स्टेडियम धौलपुर पर जिला फुटबॉल संघ व खालसा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहीद भगत सिंह बेबी फुटबॉल लीग का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पाइसी ट्रीट ने 3-2 से जीत हासिल की। वहीं, जूनियर वर्ग में बेबी लीग के फाइनल मुकाबले में सोना ब्रिक्स फुटबॉल क्लब ने 3-0 से जीत हासिल की। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र ने कहा कि खिलाड़ी खेलों के माध्यम से बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि धौलपुर जैसे जिले में इतना भव्य आयोजन काबिले तारीफ है और इसके लिए पूरी आयोजन कमेटी धन्यवाद की पात्र है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह समय अब दूर नहीं है। जब हमारे फुटबॉल खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर और फीफा जैसे फुटबॉल कप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस अवसर पर पूर्व प्रधान देवेंद्र प्रताप सिंह जादोन ने कहा कि संसाधनों के अभाव में भी हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने जिले में फुटबॉल का स्तर बढ़ाने के लिए फुटबॉल खिलाड़ी गुरमीत मान के विशेष योगदान की तारीफ की।

**यूं रहे फाइनल मुकाबले के परिणाम :** सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला स्पाइसी ट्रीट फुटबॉल क्लब व जीवीवीसी के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों ही टीमों ने बेहतर प्रदर्शन की वजह से मैच ड्रॉ रहा। इसका परिणाम पैलेंटी सूट के माध्यम से निकला, जिसमें स्पाइसी ट्रीट ने 3-2 से जीत हासिल की। वहीं, जूनियर वर्ग में बेबी लीग का फाइनल मुकाबला सोना ब्रिक्स व पीपीपी फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें सोना ब्रिक्स फुटबॉल क्लब ने 3-0 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता में बेबी लीग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब चंद्रमल फुटबॉल क्लब की गोलकीपर आरती को प्राप्त हुआ ।

# जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( श्रीमहावीरजी )।** कस्बे के खेल मैदान पर गुरुवार को जिला स्तरीय जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिल के शुभम तिवाडी ने विधिवत उद्घाटन किया। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिला वॉलीबाल संघ के दिनेश सिंह बताया कि जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में जूनियर वर्ग जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि शुभम तिवाडी नै खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल आज के जीवन का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि युवा खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर झुंझुनूं में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की टीम का भी चयन किया जाएगा । खेल के दौरान खिलाडियों में उत्साह नजर आया। इस दौरान जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव दीपक वॉलीबॉल गोविंद शर्मा ,गीताराम मीणा सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे ।



# जिला प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आईओसीएल में हुआ मॉक ड्रिल

## आपातकालीन सुरक्षा और आपदा प्रबंधन योजना की जांची स्थिति

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला प्रशासन व आईओसीएल द्वारा औचक निरीक्षण मॉक ड्रिल के तहत गुरुवार को आईओसीएल ब्यावर में लेवल-3 आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन सुरक्षा व आपदा प्रबंधन योजना की जांच करना था ।मॉक ड्रिल जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में प्रारंभ हुई । जिला कलेक्टर ने मॉक ड्रिल में शामिल समस्त दलों को संबोधित करते हुए कहां कि मॉक ड्रिल नियमित अंतराल में होनी चाहिए जिससे कि हमारी तकनीकी व बचाव कार्यों की जांच हो सके । उन्होंने सभी दलों को आपस में सामंजस्य रखते हुए बचाव कार्य का लगातार अभ्यास करने को कहा जिससे की आपदा के समय मे बचाव कार्य को कम से कम समय में पूरा किया जा सके ।





**आग का परिदृश्य :** एचएसडी के रिसाव के कारण ईंधन तेल टैंक (एफओटी) के नियंत्रण क्षेत्र में पूरी तरह से आग लगने जैसा था। ईंधन तेल टैंकों का उपयोग संस्थापन में भारी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण के लिए किया जाता है। मॉक ड्रिल में आईओसीएल के सभी अग्निशमन उपकरण बहुत अच्छे से काम कर रहे थे। जिला प्रशासन की अग्निशमन टीमें, एम्बुलेंस, मेडिकल टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में करने का कार्य किया । आपातकालीन कॉल पर अन्य पेट्रोलियम संस्थापनों के परस्पर सहायता सदस्य एचपीसीएल आउवा, जीआईजीएल कंटालिया, गेल नसीराबाद भी साइट पर पहुंचे। जिला प्रशासन के नेतृत्व में आग पर काबू पाया गया । इस अवसर पर जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने मॉक ड्रिल में बेहतर कार्य करने वाले अग्निशमन दल, चिकित्सा व बचाव दल, सिविल डिफेंस सहित जिला प्रशासन व आइओसीएल के समस्त दलों के बेहतर प्रयास की सराहना की । पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोलियम स्थापना की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने और आपातकालीन स्थिति की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एडिशनल एसपी भूपेन्द्र शर्मा, एसडीएम ब्यावर गौरव बुढ़ानिया, नगर परिषद आयुक्त दलिप पूनिया, डीवाईएसपी राजेश कसाना और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शेर सिंह चौहान ने आईओसीएल ब्यावर का प्रतिनिधित्व किया।

## भाजपा द्वारा कपासन में सक्रिय सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन

### वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता टेलर को सक्रिय सदस्यता दिलाई



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन द्वारा गुरुवार को सक्रिय सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिन सदस्यों द्वारा पात्र संख्या में प्राथमिक सदस्य बनाये गये तथा जो पार्टी की रिति-नीतिनुसार पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं ।उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया गया ।इस कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया द्वारा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नंदकिशोर टेलर को सक्रिय सदस्यता दिलाई गयी। इस दौरान मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय, महामंत्री गजेंद्र बाघमार,उपाध्यक्ष चेतन शर्मा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, जिला एससी मोर्चा संयोजक भागीरथ चंदेल आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सलूंबर उपचुनाव हेतु चितौड़गढ़ के इम्तियाज हुसैन लोहार विधानसभा प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन/चित्तौड़गढ़।** कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कोर्डिनेटर एचएम शकील नवाज द्वारा राजस्थान में विधानसभा उप चुनाव को लेकर विभिन्न प्रभारियों को नियुक्त किया गया है ।जिसमे सलूंबर विधानसभा प्रभारी हेतु चित्तौड़गढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लौहार को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर जिला उपाध्यक्ष आरीफ खान, जिला संगठन मंत्री नवाब खान,नगर अध्यक्ष सिद्दीक खान,जमील अहमद,फिदाउल मुस्तफा, जिला महासचिव जावेद खान,जिला सचिव मुस्ताक शाह,शब्बीर हुसैन रंगरेज,जुनेद,जिला प्रवक्ता सलीम नेता,जाहीद खान,सिद्दीक भट्टा,अब्दुल कादिर,एहजाज हुसैन,मोहम्मद हुसैन,खलील अहमद,अहमद हुसैन,मोहम्मद आलम आदि कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## प्रभु सांवलिया सेठ की प्रति प्रतिमा ले जाना निषेध

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भगवान श्री सांवलिया सेठ मंदिर मण्डफिया की व्यवस्थाओं में सुधार एवं वर्तमान में सोशल मीडिया पर प्रचारित विभिन्न भ्रामक गतिविधियों एवं पुजारियों द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों में भगवान श्री सांवलिया सेठ की प्रति प्रतिमा को ले जाने पर रोकथाम हेतु एक बैठक श्री साँवलियाजी मंदिर मण्डल, अध्यक्ष भैरूलाल गूर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम ने बताया कि पुजारियों द्वारा यात्रियों से सहज व्यवहार रखने के साथ ही विभिन्न निजी सामाजिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों में भगवान श्री सांवलिया सेठ की प्रति प्रतिमा को ले जाने को निषेध करते हुए पुजारियों से मंदिर प्रशासन को आवश्यक सहयोग हेतु निवेदन किया गया। अन्यथा ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर भविष्य में आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही पुजारियों को भगवान श्री सांवलिया सेठ की छवि में किसी भी प्रकार का श्रृंगार द्वारा परिवर्तन नहीं करने की हिदायत दी गई। भगवान की पोशाक मंदिर मण्डल द्वारा प्रतिदिन उपलब्ध करवाई जाएगी तथा मंदिर पुजारी द्वारा किसी भी यात्री से अपने स्तर पर पोशाक प्राप्त कर धारण नहीं करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्य श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल श्री लाल पाटीदार, ममतेश शर्मा, अशोक शर्मा, शंभू सुथार, संजय मंडोवरा एवं प्रमुख पुजारी द्वारका दास, अन्य पुजारी, शिवशंकर पारीक, प्रशासनिक अधिकारी प्रथम, नंदकिशोर टेलर, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय भैरू गिरी गोस्वामी, सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, प्रभारी मंदिर व्यवस्था एवं मंदिर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

## मतदाता सूची में मतदाता का नाम जोड़ने, विलोपन किए जाने एवं संशोधन का कार्य 9 से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची में मतदाता का नाम जोड़ने, विलोपन किए जाने एवं संशोधन का कार्य होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभा गौतम ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत 9 नवम्बर को ग्राम सभा एवं वार्ड सभा का आयोजन होगा जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची का पठन करते हुए पात्र मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु आवेदन प्राप्त करेंगे तथा स्थानांतरित/मृत/दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम विलोपन की कार्यवाही संपादित की जायेगी। इसी प्रकार 10 नवम्बर को विशेष अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे साथ ही अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर तथा अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य करेंगे। जिले के आमजन संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाये जाने हेतु कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।

## जिला कलेक्टर ने जिले के प्रमुख साहित्यकारों के साथ की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के प्रमुख साहित्यकारों के साथ बैठक की । जिला कलेक्टर ने कहा कि साहित्य जिले का दर्पण है। प्रत्येक साहित्यकार स्वाभिमानी होता है एवं विभिन्न रचनाओं से जिले व समाज की प्रमुख जानकारी प्राप्त होती है । उन्होंने साहित्यकारो के साथ सार्थक चर्चा की एवं आगामी समय में जिले में साहित्य से जुड़े कार्यक्रम करने पर भी चर्चा हुई। प्रमुख साहित्यकारों ने जिला कलेक्टर को साहित्य को बढ़ावा देने सहित विभिन्न सुझाव व्यक्त किये । इस दौरान जिला कलेक्टर ने पहल करते हुए प्रमुख साहित्यकारों का माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया ।

## ईश्वर ने निर्माण करने की शक्ति पुरुष को नहीं स्त्री को सोपी है : प्रो. डॉ. अर्जुन देव चरण

### श्री गिरधारी लाल मालव स्मृति समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान




**अंता ( शफीक मंसूरी ) ।** भीष्म को गांगेय व पांडवों को कौन्तेय कहा जाता था क्योंकि यह उन माताओ की पूंजी है। ईश्वर ने निर्माण की शक्ति केवल स्त्रियों को दी है परंतु स्त्री जब पुरुष के चयन के अधिकार को चुनौती दे तो समाज उसे लांछित करता है यही फरोगड़ी है । यह विचार केशव ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंता में आयोजित श्री गिरधारी लाल मालव स्मृति समारोह में विख्यात कवि एवं आलोचक डॉ0 अर्जुन देव चरण ने व्यक्त किये ।उन्होंने गिरधारी लाल मालव के साहित्यिक योगदान को याद किया ।समिति अध्यक्ष ओम सोनी मधुर ने बताया कि समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ ओम नागर को मायड़ भाषा सम्मान एवं ज्योतिर्विज्ञ पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री को अनंत रतन सम्मान प्रदान किया गया । इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए अति विशिष्ट अतिथि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी भाषा विभाग अध्यक्ष डॉ0 गजे सिंह राजपुरोहित ने समारोह में विमोचित श्री ओम नागर की दो पुस्तकों फरोगड़ी और भला मनखूया की भली बाता पर बोलते हुए कहा कि पुस्तक स्त्री विमर्श के किसी भी पहलू से अछूती नहीं रही है। वरिष्ठ साहित्यकार मुकुट मणि राज ने कहा कि आज के दौर में सम्मान बिकने लगा है परंतु असली सम्मान वह है जो रचना कर्म के बूते पर मिले और भाई ओम नागर इस कसौटी पर खरे उतरते हैं । पुस्तक समीक्षा में योगेश यथार्थ ने कहा कि ओम नागर ने स्त्री विमर्श को नया आयाम दिया है । अनंत रन से सम्मानित विशिष्ट व्यक्तित्व ज्योतिर्विद पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री का परिचय देते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ओम सोनी मधुर ने कहा कि पंडित शास्त्री ने आम जनजीवन से जुड़ी कई समस्याओं के ज्योतिषीय समाधान पर महत्वपूर्ण पुस्तके लिखी है । समिति संयोजक चेतन मालव ने बताया कि समारोह को गीतकार दुर्गादान सिंह गौड़, बाबू बंजारा, नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, सहकारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र नंदवाना ने भी संबोधित किया मान पत्र का वाचन कवि विष्णु विश्वास व कुश पांचाल द्वारा किया गया। समारोह का संचालन कवि ओम मेरोठा ने किया समारोह में रात्रि 8.00 बजे से युवा कवि दिनेश मालव की स्मृति में आयोजित काव्य संध्या व सम्मान समारोह में युवा कवि व मंच संचालक राजेंद्र पंवार को श्री दिनेश मालव स्मृति युवा सम्मान प्रदान किया गया एवं भव्य काव्य निशा का आयोजन किया गया जो रात्रि 2.00 बजे तक चली जिसका संचालन कवि पवन गौतम व रुस्तम अली खान द्वारा किया गया । समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार अंबिका दत्त ,किशन वर्मा , सी एल सांखला , जयसिंह आशावत, पंडित लोक नारायण शर्मा ,प्रो0के बी भारती प्रद्युम्न वर्मा राम नारायण हलधर, रामकरण प्रभाती ,जगदीश भारती ,निशामुनि गौड, नंद सिंह पवार, दुष्यंत विजय ,सत्येंद्र वर्मा ,दुर्गा शंकर धांसू , राधा तिवारी, मंजू किशोर रश्मि, राधेश्याम पांचाल सहित क्षेत्र के कई साहित्यकार और नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

## सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल द्वारा गुरूवार को महिला अधिकारिता विभाग परिसर चित्तौड़गढ़ में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर के नये भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव गोयल ने सहायक निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार तँवर एवं उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग नंदलाल मेघवाल के साथ विभाग के कार्यों एवं योजनाओं पर चर्चा की।

सचिव ने सखी वन स्टॉप सेन्टर के नये भवन के आश्रय कक्ष के साथ भोजन, पानी, आवास, दैनिक आवश्यकताओं आदि सुविधाओं का जायजा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने केस रजिस्टर का निरीक्षण किया। प्रभारी नीतू जोशी ने बताया कि किसी भी हिंसा से पीड़ित महिला को अविलम्ब आश्रय एवं अन्य सहायता हेतु केन्द्र एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करवाता है। जाति, धर्म, वर्ग, क्षेत्र, लैंगिक अभिविन्यास अथवा वैवाहिक स्थित के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पीड़िता को पांच दिन तक भर्ती अवधि में आश्रय के साथ भोजन, आवास, दैनिक आवश्यकताओं आदि की पूर्ति की जाती है। महिलाओं को रोजगार दिलवाने में भी सखी केन्द्र की ओर से सहायता की जाती है। निरीक्षण के दौरान नये भवन में संचालित समस्त व्यवस्थाएँ एवं सुविधाएँ संतोषजनक पाई गयी। निरीक्षण से दौरान स्टाफ समता भटनागर, नीतू जोशी, सीमा राजोरा, रंजना डांड, सुमन सेन, ममता बैरवा, नारायण कुमावत आदि उपस्थित रहें। गोपनीयता के साथ पीड़िता को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवायें उपलब्ध कराते हुये केन्द्र पर समस्या का समाधान कर महिलाओं का निरन्तर सहयोग किया जा रहा है।

## बदनोर उपखण्ड के ग्राम पंचायत चतरपुरा में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई के दौरान 25 से अधिक परिवेदनाऐं सुनकर शीघ्र निस्तारण के आदेश दिये

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला कलेक्ट्रर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने बदनौर उपखण्ड क्षैत्र के दौरे के दौरान राज्य सरकार व जन अभियोजन निराकरण विभाग के आदेशानुसार माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम स्तरीय जनसुनवाई आयोजन के तहत ग्राम पंचायत चतरपुरा जनसुनवाई की। इस मौके पर लगभग 25 से अधिक ज्यादा परिवेदनाएं सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण किया। जनसुनवाई में पेंशन, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ,शिक्षा, सफाई व्यवस्था ,खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा योजना से संबंधित 25 से ज्यादा परिवेदनाएं प्राप्त हुई । जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओ का त्वरित निवारण किया । परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से आमजन को बड़ी राहत मिली । परिवेदनाओं के निस्तारण पर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर का आभार प्रकट किया । उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई शिविर में स्वयं मौजूद रहकर निरंतर पर्यवेक्षण व मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व उपखंड स्तरीय जनसुनवाई प्रभावी रूप से की जाए एवं शासन की मंशानुरूप परिवेदनाओं का ज्यादा से ज्यादा निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाए । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला परिषद के एसीईओ गोपाल मीणा सहित विभिन्न विभागो के उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। ब्यावर उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया ने भी सरमालिया ग्राम पंचायत में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया ।

## भाजपा सम्राट पृथ्वीराज चौहान मंडल में संगठन पर्व कार्यशाला सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** भारतीय जनता पार्टी सम्राट पृथ्वीराज मंडल में सदस्यता अभियान के अंतर्गत होने वाले संगठन पर्व की कार्यशाला नुन्दरी मालदेव स्थित पिपलाज माता मंदिर प्रांगण में संगठन पर्व के जिला प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि सदस्यता अभियान जिला संयोजक पवन जैन, मंडल के संगठन सहयोगी भैरू लाल गुर्जर एवं मंडल अध्यक्ष कानाराम गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक संचालन महामंत्री विक्रान्त सिंह रावत ने किया।

जिला प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव ने कहा कि संगठन पर्व हमारे कार्यकर्ताओं में नई पीढ़ी को आगे लाने का उत्सव हैं। हमारी पार्टी में पूर्णत: लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से हम बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व का चयन करते हैं। जिला संयोजक पवन जैन ने कहा कि भाजपा की स्थापना 1980 से लेकर आज तक पार्टी जब भी सत्ता में रही लोक कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान को समर्पित रही हैं। कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद आभार मंडल महामंत्री मुकेश जोधावत ने जताया। कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य कैलाश चन्द्र मेघवंशी, ओबिसी मोर्चा जिला महामंत्री जय सिंह सुहावा, जिला उपाध्यक्ष पदम् सिंह सुहावा, मंडल उपाध्यक्ष राम सिंह चौहान, गोविंद सिंह बायला, मंडल मंत्री कपिल बोयत, प्रेम सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह अतितमण्ड, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लीला रावत पटेल, एस सी मोर्चा अध्यक्ष राकेश गहलोत, कैप्टन पूनम सिंह, चन्द्र प्रकाश खटीक, कैलाश सिंह चौहान, जगदीश माली, महेंद्र सिंह कालिंजर, पृथ्वी सिंह राजियावास, निखिल पाल सिंह रावत, मदन सिंह रावत सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## चित्रगुप्त जी महाराज ट्रस्ट की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने वाले युवक को पाबन्द करने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में हिन्दु मन्दिर ट्रस्ट की सम्पत्ति के किरायेदार द्वारा किसी अन्य धर्म विशेष के युवक को सुपुर्द करने की साजिश पर किरायेदार को पाबन्द करने हेतु एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। नगर परिषद मार्ग स्थित चित्रगुप्त मन्दिर (जायदाद संख्या 6/204) के एक भाग जो पूरब दिशा में विद्यमान मन्दिर चित्रगुप्त जी महाराज ट्रस्ट की सम्पत्ति है। उसके किरायेदार मदनलाल पाखरोट पुत्र चतुर्भुज जाति जागिंड निवासी नगर परिषद मार्ग डिग्गी मोहल्ला ,ब्यावर है जो चित्रगुप्त मन्दिर ट्रस्ट की सम्पत्ति के परिसर में बतौर 20 फरवरी 1985 से पंजीकृत किरायेदार है। यह युवक अपने स्वार्थ की पंजीकृत किरायेशुदा मन्दिर चित्रगुप्त जी महाराज ट्रस्ट की सम्पत्ति के कुछ भाग को अवैध रुप से बदनियति पूर्वक किसी अन्य धर्म विशेष के व्यक्ति को कब्जा सुपुर्द करने पर आमदा हो रहे हैं।



# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग, कोहली 10 साल बाद टॉप-20 से बाहर

## रोहित 26वें नंबर पर पहुंचे, सिर्फ दो बैटर टॉप-10 में; जडेजा फिर टॉप ऑलराउंडर

**नई दिल्ली।** आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में भारत के विराट कोहली टॉप-20 और रोहित शर्मा टॉप-25 से बाहर हो गए हैं। बुधवार को जारी हुई लेटेस्ट रैंकिंग में ऋषभ पंत और शुभमन गिल को फायदा हुआ। वहीं बॉलर्स रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन पांचवें नंबर पर पहुंच गए।

टेस्ट टीम रैंकिंग में न्यूजीलैंड एक स्थान की छलांग लगाकर 5वें नंबर पर पहुंच गया। टीम ने श्रीलंका को पीछे धकेला। ऑस्ट्रेलिया पहले और भारत दूसरे नंबर पर मौजूद है।

रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर आर. अश्विन हैं।

विराट 22वें नंबर पर बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में विराट कोहली एक ही फिफ्टी लगा सके। उन्होंने 10 पारियों में 21.33 की औसत से 192 रन बनाए। लगातार 5 टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन के कारण विराट को 8 स्थान का नुकसान हुआ और वह 22वें नंबर पर पहुंच गए।

विराट 10 साल बाद टॉप-20 टेस्ट रैंकिंग से बाहर हुए, आखिरी बार 2014 में वह इंग्लैंड के खिलाफ खराब परफॉर्मेंस के कारण टॉप-20 से बाहर हुए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 4 सेंचुरी लगाकर टॉप-10 में वापसी की थी। भारत अब 22 नवंबर से फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ही जा रहा है।

रोहित 26वें नंबर पर पहुंचे, पंत को फायदा बैटर्स रैंकिंग में रोहित शर्मा को भी नुकसान हुआ, वह 24वें से 26वें नंबर पर पहुंच गए। भारत के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत ने टॉप-10 में एंट्री की, वह छठे नंबर पर पहुंच गए। शुभमन गिल भी 4 स्थान की छलांग लगाकर 16वें नंबर पर पहुंच गए।

टेस्ट बैटर्स में टॉप भारतीय यशस्वी जायसवाल बने हुए हैं। हालांकि, न्यूजीलैंड सीरीज के बाद वह भी एक स्थान का नुकसान झेलकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। इंग्लैंड के जो रूट पहले और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे नंबर पर हैं।

बॉलर्स में अश्विन को नुकसान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद बॉलर्स रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह पहले और रविचंद्रन अश्विन दूसरे नंबर पर थे। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद बुमराह तीसरे और अश्विन पांचवें नंबर पर पहुंच गए। हालांकि, रवींद्र जडेजा 2 स्थान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा पहले और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दूसरे नंबर पर कायम हैं।

ढाई साल से टॉप ऑलराउंडर हैं जडेजा भारत के रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर रैंकिंग में अब भी टॉप पर हैं। रविचंद्रन अश्विन दूसरे नंबर पर हैं, वहीं अक्षर पटेल 8वें नंबर पर फिसल गए। जडेजा 2017 में पहली बार नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर बने थे, उन्होंने मार्च 2022 में फिर से पहला स्थान किया। जडेजा तब से अब तक पहले नंबर पर बरकरार हैं।

भारत वनडे और टी-20 में टॉप टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद भी भारत टीम रैंकिंग में दूसरे नंबर पर कायम है। ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। न्यूजीलैंड एक स्थान के फायदे के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया। टीम इंडिया वनडे और टी-20 की टॉप टीम बनी हुई है।

# वेस्टइंडीज ने 8 विकेट से जीता तीसरा वनडे

## 3 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड को 2-1 से हराया; किंग-कार्टी के शतक









**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही कैरेबियाई टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। विंडीज ने पहला वनडे 8 विकेट से जीता था, जबकि दूसरे में 5 विकेट से गंवाया था। अब दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। ब्रिजटाउन में बुधवार रात को वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 263 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने ब्रैंडन किंग (102 रन) और केसी कर्टी (128 रन) के शतकों के सहारे 43 ओवर में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ब्रैंडन किंग प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जबकि मैथ्यू फोर्ड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए।

इंग्लैंड ने लगातार विकेट गंवाए, सॉल्ट की फिफ्टी टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां ओपनर विल जैक्स 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें मैथ्यू फोर्ड ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। यहां से टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। वहीं, फिल सॉल्ट एक छोर संभाले खड़े रहे। उन्होंने 108 गेंद में 74 रन बनाए।

मिडिल ऑर्डर फेल रहा, मूसली ने 200 पार पहुंचाया टीम का मिडिल ऑर्डर फेल रहा। जैक्स के बाद खेलने आए जॉर्डन कॉक्स 1, जैकब बिट्टल शून्य और कप्तान लियम लिविंगस्टन 6 रन बनाकर आउट हुए। लोअर ऑर्डर में सैम करेन ने 40, डान मूसली ने 57, जेमी ओवरटन ने 32 और जोफ्रा आर्चर ने नाबाद 38 रनों की पारियां खेलीं।

वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोरेड ने 3 विकेट झटके। अल्जारी जोसेफ और रोमारियो शेफर्ड ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट रोस्टन चेज को मिला।

विंडीज की मिलीजुली शुरुआत, लुइस 19 रन बनाकर आउट 264 रन का टारगेट चेज कर रही वेस्टइंडीज ने मिलीजुली शुरुआत की। टीम ने 42 रन के स्कोर पर इविन लुईस का विकेट गंवाया। वे 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ओवरटन ने आदिल रशीद के हाथों कैच कराया।

टीम के दूसरे ओपनर ब्रैंडन किंग ने 117 गेंद पर 102 रनों की पारी खेली। उन्हें रीस टॉप्ली ने बोल्ड किया। केसी कर्टी ने भी 114 गेंद पर 128 रन बनाए। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 203 गेंद पर 209 रन की साझेदारी हुई।

9 नवंबर को टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 9 नवंबर को खेला जाएगा। उसके बाद 10 नवंबर को दूसरा और 14 नवंबर को तीसरा टी-20 मैच होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया : वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई; कमिंस ने 2 विकेट लिए, नाबाद 32 रन भी बनाए



**ऑस्ट्रेलिया ।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को मेलबर्न में खेले गए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पाक टीम 46.4 ओवर में 203 रन पर सिमट गई। जवाब में कंगारू टीम ने 33.3 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, कप्तान पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए और नाबाद 32 रन भी बनाए।

दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे 8 नवंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। पाकिस्तान टीम इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी। इंग्लिस अर्धशतक से चूके 204 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ओर से विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। 42 बॉल की पारी में इंग्लिस ने 4 चौके और 3 सिक्स लगाए। उनके अलावा स्टीव स्मिथ ने 46 बॉल पर 44 रन बनाए। कप्तान पैट कमिंस ने 31 बॉल पर नाबाद 32 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के लिए पेसर हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी ने 2 विकेट झटके। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन को 1-1 विकेट मिला। रिजवान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए इससे पहले, पाकिस्तान की ओर से कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। इसके अलावा नसीम शाह ने 40 रनों की तेज पारी खेली। तब जाकर वह 200 के आंकड़े को पार कर सके। पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 44 गेंदों में 37 रन बनाए।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी20 के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान : कुसल और मोहम्मद की ओडीआई टीम में वापसी; चामिंडु विक्रमसिंघे दोनों टीमों में शामिल



**श्रीलंका।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मैचों की टी-20 और 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। श्रीलंका की टीम को अपने घर में न्यूजीलैंड का सामना करना है। विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल परेरा को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। साथ ही तेज गेंदबाज मोहम्मद शिराज की भी वापसी हुई है। चामिंडु विक्रमसिंघे को दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

चरिथ असलंका को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज दोनों में श्रीलंका टीम का कप्तान बनाया है। असलंका ने भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

परेरा ने एक साल से कोई वनडे मैच नहीं खेला परेरा ने लगभग एक साल से कोई वनडे मैच नहीं खेला है, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 मैच में नाबाद 55 रन की पारी की बदौलत उन्होंने इस टीम में जगह बनाई है।

वहीं, 29 साल के शिराज घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में 18.75 की औसत से 84 विकेट लिए हैं। 9 नवंबर को खेला जाएगा पहला टी-20 न्यूजीलैंड का श्रीलंका दौरा 9 नवंबर से शुरु होगा। टी-20 मैच 9 और 10 नवंबर को खेले जाएंगे, जबकि तीन वनडे मैच 13, 17 और 19 नवंबर 2024 को खेले जाएंगे। दोनों टी-20 और पहला वनडे दांबुला में खेला जाएगा। दूसरा और तीसरा वनडे पल्लेकेले में खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका टीम टी-20 स्क्वॉड :** चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु मेंडिस, दिनेश चांडीमल, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, वानिंदु हसरंगा, महीश तीक्षना, दुनिथ वेल्लालागे, जेफरी वांडरसे, चामिंडु विक्रमसिंघे, नुवान तुषारा, मथीश पथिराना, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो।

**वनडे स्क्वॉड:** चरिथ असलंका (कप्तान), अविष्का फर्नांडो, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, दुनिथ वेल्लालागे, वानिंदु हसरंगा, महीश तीक्षना। जेफरी वांडरसे, चामिंडु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मोहम्मद शिराज।

# गुजरात को मिल सकती है 2036 ओलिंपिक की मेजबानी

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास 6 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेंगे, प्रोजेक्ट 3 लाख करोड़ का संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने ओलिंपिक-2036 के लिए अपनी दावेदारी दर्ज करा दी है। भारतीय ओलिंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक परिषद को पत्र लिखा है। अगर भारत की दावेदारी सफल रही तो गुजरात के अहमदाबाद को 2036 ओलिंपिक की मेजबानी मिल जाएगी।

यह ऐतिहासिक मौका होगा, क्योंकि भारत पहली बार ओलिंपिक की मेजबानी करेगा। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास 6 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट 3 लाख करोड़ रुपए का हो सकता है।

### ओलिंपिक का उद्घाटन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में संभव

ओलिंपिक 2036 के लिए 4600 करोड़ की लागत से 215 एकड़ में सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव बनाया जा रहा है, जो ओलिंपिक का मुख्य फोकस पॉइंट होगा। गुजरात सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उद्घाटन समारोह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्लानिंग 2036 की जरूरतों और लोगों की क्षमता को देखते हुए ही की गई है। अंतरराष्ट्रीय और पर्यावरणीय मानकों की भी स्टडी की गई है।

### रिंग ऑफ यूनिटी बनेगा, जहां योग-गरबा कर सकेंगे

साल 2036 में होने वाले ओलिंपिक के लिए 6,000 से 10,000 लोगों की कैपेसिटी वाला मल्टीपर्पज एरेना तैयार किया जाएगा। इसके अलावा 5 हजार लोगों की कैपेसिटी वाला रिंग ऑफ यूनिटी तैयार किया जाएगा, जहां गरबा, योग, उत्सव कर सकेंगे। यहां ओपन मार्केट भी होगा। साथ ही 8 हजार लोगों की क्षमता वाला का एक मल्टीपर्पज इंडोर एरेना, 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाला एक टेनिस सेंटर, तैराकी समेत अन्य खेलों के लिए 12 हजार लोगों की क्षमता वाला एक एक्वाटिक सेंटर बनाया जाएगा। 50,000 दर्शकों की क्षमता वाला एक फुटबॉल स्टेडियम भी बनेगा।

### नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का ज्यादातर काम पूरा

केंद्र सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 631 करोड़ रुपए दिए हैं। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ब्लॉक बी और डी 90 प्रतिशत तैयार हैं। स्वीमिंग के लिए तैयार किए जा रहे एक्वाटिक स्टेडियम को भी आकार दिया जा रहा है। यह कॉम्प्लेक्स ओलिंपिक स्तर का पहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा। 82,507 वर्गमीटर में बन रहे इस कॉम्प्लेक्स का निर्माण मई 2022 से ही जारी है। इसकी कैपेसिटी 300 खिलाड़ियों की है। इसके अलावा यहां 850 कारें और 800 टू व्हीलर पार्क किए जा सकते हैं।

### गुजरात ने ओलिंपिक प्लानिंग के लिए कंपनी बनाई, 22 जगहों की पहचान की थी

गुजरात ने ओलिंपिक के लिए काफी पहले से ही तैयारी कर ली थी। राज्य सरकार ने गुजरात ओलिंपिक प्लानिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनाई। इस कंपनी ने अहमदाबाद और गांधीनगर में सर्वेक्षण किया और एक ग्लोबल टेंडर भी किया था।

अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण ने शहर में ओलिंपिक के लिए एक कॉन्सेप्ट प्लान और रोडमैप तैयार करने का काम प्राइजवोटर हाउस कूपर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा था। इस एजेंसी ने स्पोर्टिंग फैसिलिटी हॉस्टल और होटल सुविधाओं के अलावा सड़क, परिवहन, पानी, स्वच्छता समेत अन्य मुद्दों पर रिसर्च कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।

एजेंसी ने अहमदाबाद-गांधीनगर में 22 साइटों की पहचान की थी, जहां ओलिंपिक कराया जा सकता है। इसमें से 6 स्थानों पर अस्थाई सुविधा का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, साइट के बाकी हिस्से को मेजर रेनोवेशन से अपग्रेड किया जाएगा।



### गोधावी में 500 एकड़ में बनेगी स्पोर्ट्स सिटी

इसके अलावा अहमदाबाद में साणंद के पास गोधावी गांव में 4 साल में 500 एकड़ के बड़े इलाके में स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। यहां रेसिंग, जंपिंग, जेवलिन थ्रो, स्वीमिंग, जिमनास्टिक, रेसलिंग, मुक्केबाजी, शूटिंग, बास्केटबॉल, टेनिस, फुटबॉल, हॉकी जैसे खेलों की सुविधा रहेगी। इसके अलावा 500 से 1000 एथलीटों के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल भी तैयार किया जाएगा।

### ओलिंपिक विलेज में चलेंगी इलेक्ट्रिक कारें

ओलिंपिक में आने वाले एथलीटों, अफसरों के रहने के लिए 10 से 15 हजार फ्लैट बनाए जाएंगे। इसमें 2, 3 और 4 बेडरूम के फ्लैट होंगे। इसका काम 2032 के आसपास शुरू हो सकता है। ओलिंपिक के बाद इन फ्लैट्स को बेच दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक, 2036 के ओलिंपिक में दुनियाभर से लगभग 10 लाख पर्यटक गुजरात आ सकते हैं। ओलिंपिक विलेज को इको-फ्रेंडली बनाने के लिए मणिपुर-गोधावी में इलेक्ट्रिक कारें चलाने पर भी विचार किया जा रहा है। ओलिंपिक विलेज को 24 घंटे लगातार बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा देगी। गोधावी नहर के आसपास या नहर के ऊपर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

# अपकमिंग फिल्म में साथ नजर आएंगे ऐश्वर्या राय : अभिषेक बच्चन

## तलाक की खबरों के बीच मणि रत्मन कर रहे हैं साथ में तीसरी फिल्म बनाने की तैयारी



बीते कई महीनों से ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन तलाक की खबरों से सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अब खबर ये भी है कि दोनों जल्द ही एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। मणि रत्नम दोनों को लेकर फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं।

हाल ही में आई जूम की रिपोर्ट में फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है, मणि रत्नम सर फिलहाल ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के साथ तीसरी फिल्म बनाने के लिए एक सब्जेक्ट की तलाश में। उन्होंने फैसला किया है कि उन्हें इन दोनों के साथ फिल्म बनानी है।

### मणि रत्नम की दो फिल्मों में साथ नजर आए ऐश-अभिषेक

साल 2007 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म गुरू में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन लीड रोल में थे। इस फिल्म को मणि रत्नम ने डायरेक्ट किया था। इसके बाद दोनों उनकी साल 2010 में रिलीज हुई रावण में साथ नजर आए थे, हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं, तो ये ऐश्वर्या और अभिषेक की मणि रत्नम के साथ तीसरी फिल्म होगी।

अभिषेक बच्चन मणि रत्नम की फिल्म युवा में भी काम कर चुके हैं। वहीं ऐश्वर्या राय ने साल 1997 में मणि रत्नम की तमिल फिल्म इरुवर में डबल रोल निभाकर करियर की शुरुआत की थी। हाल ही में एक्ट्रेस उनकी फिल्म पोन्नियन सेल्वन-1 और पोन्नियन सेल्वन 2 में भी नजर आई हैं।

### कई फिल्मों में साथ नजर आए ऐश्वर्या-अभिषेक

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अब तक आधा दर्जन फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। इनमें ढाई अक्षर प्रेम के, कुछ न कहो, उमराव जान, गुरू, सरकार राज, रावण, गुरू, धूम 2 जैसी फिल्में शामिल हैं।

### कैसे शुरू हुई तलाक की खबरें?

जुलाई में बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने राधिका मर्चेंट से शादी की है। इस शादी में अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ पहुंचे थे, हालांकि उनके साथ कहीं भी ऐश्वर्या राय नहीं दिखीं। बच्चन परिवार ने रेड कार्पेट पर फैमिली फोटोज के लिए पोज दिए, जबकि उनकी एंट्री के कुछ समय बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ शादी में पहुंची थीं और अकेले पोज दिए। एंट्री के अलावा भी पूरी शादी में दोनों एक दूसरे से कटे-कटे नजर आए। इसके कुछ समय बाद ऐश्वर्या राय, बेटी के साथ वेकेशन पर गई थीं, इस समय भी उनके साथ अभिषेक नहीं थे। तब से ही कपल के तलाक की खबरें जोरों पर हैं। बताते चलें कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय ने साल 2007 में शादी की है। इस शादी से कपल को एक बेटी आराध्या है।

# विक्रांत मैसी को मिल रहीं जान से मारने की धमकियां : द साबरमती रिपोर्ट के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कहा- मैं इन से डील करने की कोशिश कर रहा हूं



विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट जल्द ही रिलीज होने वाली है। अनाउंसमेंट के बाद से ही फिल्म विवादित मुद्दा होने पर सुर्खियों में है। इस फिल्म का प्रमोशन जोरों पर है। इसी दौरान विक्रांत मेस्सी ने खुलासा किया है कि उन्हें बीते लंबे समय से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। एक्टर की मानें तो ये धमकियां उनकी अपकमिंग फिल्म के लिए दी जा रही हैं।

विक्रांत से फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के प्रमोशनल इवेंट में पूछा गया था कि क्या उन्हें धमकियां मिली हैं। इस पर एक्टर ने कहा, जी हां, ये बात मुझसे अब तक किसी ने नहीं पूछी, इसलिए मैंने इस बारे में बताया नहीं है। जी हां, मुझे धमकियां आई हैं और आ रही हैं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा है कि हम कलाकार हैं, कहानियां बुनते हैं। लोग क्या सोचते हैं और उनको क्या लगता है इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं ये कहना चाहूंगा कि ये फिल्म (द साबरमती रिपोर्ट) पूरी तरह से सच्चाई पर आधारित है। बदकिस्मती से आप सब ने ये फिल्म अब तक देखी नहीं है। इसलिए आपको पहले से ही कोई नजरिया नहीं बनाना चाहिए। आगे विक्रांत ने कहा है, मुद्दे पर वापस आना चाहूंगा। मैं इन धमकियों से डील कर रहा हूं और हमारी टीम भी मिलकर इससे डील कर रही है।

बताते चलें कि 6 नवंबर को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। पहले फिल्म को 3 मई को रिलीज किया जाने वाला था, हालांकि लोकसभा चुनाव के चलते फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया था। अब ये फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी। एकता कपूर द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म में विक्रांत मेस्सी, रिद्धी डोगरा और राशि खन्ना लीड रोल में हैं। फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा पत्रकारों की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म को साल 2002 के गोधरा कांड पर बनाया गया है, जिसे रंजन चंडेल ने डायरेक्ट किया है।

गूगल पर ट्रेंड हुई द साबरमती रिपोर्ट ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट गूगल पर लगातार सर्च की जा रही है। बीते एक महीने का डेटा देखा जाए तो फिल्म ट्रेलर लॉन्च के बाद सबसे ज्यादा सर्च की जा रही है।

# मनीषा कोइराला नहीं करना चाहती थीं बॉम्बे फिल्म

## बोलीं- लोग कहते थे मां का किरदार निभाया तो कभी हीरोइन नहीं बन पाऊंगी



मनीषा कोइराला ने 1995 में आई फिल्म बॉम्बे में शैला बानू का किरदार निभाया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस किरदार से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। मनीषा ने कहा कि इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें शुरुआत में काफी संदेह था। कई लोग उनसे कह रहे थे कि एक मां का रोल करने से वह टाइपकास्ट हो सकती हैं। हालांकि, एक सलाह ने उनका नजरिया बदल दिया और उन्होंने यह रोल निभाने का फैसला किया।

एएनआई से बातचीत में मनीषा कोइराला ने कहा, जब बॉम्बे फिल्म मुझे ऑफर हुई, तो मैं थोड़ी नादान थी। मेरे आस-पास के लोग मुझे यह कह रहे थे कि यह रोल मत लो, क्योंकि इसमें मुझे दो बच्चों की मां का किरदार निभाना था। वे डर रहे थे कि अगर मैंने मां का रोल किया, तो मुझे हीरोइन के रोल नहीं मिलेंगे।

मनीषा ने कहा, इसी दौरान सिनेमाटोग्राफर अशोक मेहता ने मुझे सलाह दी कि मैं मणिरत्नम के काम के बारे में जानूं और इस बड़े मौके को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ूं, क्योंकि मणिरत्नम के साथ काम करना एक शानदार मौका साबित हो सकता है।

मनीषा कोइराला ने कहा, जब मैं मणि सर से मिली, तो उनकी समझ, विनम्रता और क्रिएटिव अंदाज ने मुझे बहुत मोटिवेट किया। इसके बाद मुझे फिल्म का वह संदेश भी बहुत अच्छा लगा, जो एकता और एक परिवार की तरह साथ रहने के बारे में था। लुक टेस्ट के दौरान, मुझे समझ में आया कि वह कुछ खास और अलग बना रहे हैं। इंडिया टुडे से बातचीत में मनीषा ने कहा, मणि सर के साथ काम करके बहुत कुछ सीखा। उनका शॉट्स लेने का तरीका और उनके एक्सपेरिमेंट काफी अलग हैं। वह एक मास्टर हैं। और मैं अशोक जी का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे डांटकर सही रास्ता दिखाया।

# लुक्स और रंग की वजह से रिजेक्शन मिले

## आर्या फेम विकास कुमार बोले- बालाजी प्रोडक्शन के चक्कर काटता था; अनफिट बोल कर दिया बाहर

**विकास कुमार ने आर्या और काला पानी जैसी वेब सीरीज में एक्टिंग से अपनी अलग पहचान बनाई है। हाल ही में बात करते हुए उन्होंने बताया कि यहां तक पहुंचना उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। शुरुआत में उनके लुक्स और रंग के चलते उन्हें कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा। अब वो प्रोड्यूसर भी बन चुके हैं और अपने प्रोडक्शन के जरिए नई कहानियां लोगों तक ला रहे हैं। पढ़िए बातचीत के कुछ प्रमुख अंश:**



### मुश्किलों से बना एक्टिंग का सफर

मुंबई जैसे सपनों के शहर में कदम रखते ही कई उम्मीदें थी, पर ये राह इतनी आसान नहीं थी। शुरुआती दिनों में मैंने दूसरों के घर में रहकर, फिर दोस्तों के साथ 1 बीएचके में रहकर छोटे-छोटे कामों से गुजारा किया। एक कॉपी लेकर बालाजी जैसे बड़े प्रोडक्शन हाउस के चक्कर काटना और बार-बार रिजेक्शन का सामना करना आम बात हो गई थी। फिर भी मैंने हर मुलाकात का रिकॉर्ड रखा, छह-आठ महीने संघर्ष किया, लेकिन सफलता दूर ही रही। इस दौरान मुंबई का सागर किनारा मेरा सहारा बन गया था- अकेलेपन और नाकामियों में यही जगह मुझे शांति देती थी।

### लुक्स और रंग की वजह से बार-बार रिजेक्शन का सामना

एक बड़ी चुनौती मेरे लिए लुक्स और रंगत की वजह से भी थी। इंडियन कैरेक्टर-बेस्ड सीरियल्स में कई बार मुझे इस कारण से अनफिट कहा गया। अक्सर रिजेक्शन का कारण मेरी रंगत को बताया जाता था। कई बार मुझसे साफ शब्दों में कहा गया - आप इस किरदार के लिए फिट नहीं हैं। एक बार तो मैंने सवाल भी किया - क्या ऐसा क्या बना रहे हैं जिसमें मेरे जैसे लोग फिट नहीं बैठते? क्या ये शो इंग्लैंड का है? इस तरह के सवालों और रिजेक्शन का सामना करना आसान नहीं था। फिर भी, मैंने इसे कभी रुकावट की तरह नहीं देखा। मिथुन दा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे कलाकारों ने भी इसी तरह के रिजेक्शन झेले हैं और अपनी जगह बनाई है। यह सोच कर मैंने भी हार नहीं मानी और अपनी राह पर चलता रहा।

### परिवार और संघर्ष का बैलेंस

दिल्ली में थिएटर करते हुए पैसे नहीं मिलते थे, बस कास्ट पार्टी में शामिल हो जाते थे। बड़े प्ले के लिए भी 500 रूपए प्रति शो से अधिक नहीं मिलता था। प्ले के लिए ट्रैवलिंग का खर्च भी खुद उठाना पड़ता था, लेकिन भाई के घर में रहने से थोड़ी राहत मिल जाती थी। घरवालों को बताया कि मैं हीरो हूँ, तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ। यह सफर बहुत मुश्किल था, लेकिन थिएटर और छोटे-मोटे प्रोजेक्ट्स के जरिए मैंने खुद को साबित करना जारी रखा।

### मुंबई में एक्टिंग का पहला मौका और सीआईडी में पहचान

थिएटर और छोटे प्रोजेक्ट्स के बाद मुझे यशराज टेलीविजन के साथ काम करने का मौका मिला। पाउडर और खोटे सिक्के जैसे सीरियल में लीड रोल मिला, पर अचानक ये शो बंद हो गए। फिर सीआईडी में काम करने का मौका मिला। शुरुआत में थोड़ा संकोच था, पर बाद में पछतावा नहीं हुआ। आज भी लोग मुझे सीआईडी में निभाए रजत के किरदार से पहचानते हैं। यह पहचान मेरे लिए बेहद खास है।

### प्रोड्यूसर और स्टोरीटेलर के रूप में नई शुरुआत

अब मैं प्रोड्यूसर बन चुका हुं। वेलवेट नाम से एक ऑडियो ऐप भी तैयार किया है। हालांकि, इससे अभी कोई खास कमाई नहीं हो रही, परंतु हम अछे कंटेंट पर फोकस कर रहे हैं। मैंने अब तक तीन शॉर्ट फिल्म्स और कुछ डॉक्यूमेंट्रीज प्रोड्यूस की हैं। हमारी पहली शॉर्ट फिल्म, सोनसी, ने नेशनल अवार्ड भी जीता है और ऑस्कर के लिए क्वालीफाई की। हम अपनी फिल्मों को अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल्स में पहुंचा रहे हैं और नई-नई चीजें एक्सप्लोर कर रहे हैं।

# 2 साल की हुई रणबीर-आलिया की बेटी राहा

## दादी नीतू और बुआ रिद्धिमा ने तस्वीर शेयर कर किया बर्थडे विश; फैंस बोले- आलिया की मिनी वर्जन



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर आज अपना दूसरा जन्मदिन मना रही हैं। उनके इस खास दिन पर नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर सहनी ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें राहा बेहद प्यारी लग रही हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, और फैंस भी राहा को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। राहा के बर्थडे पर नीतू कपूर ने आलिया, रणबीर और राहा की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें राहा दोनों के बीच में बैठी हुई नजर आ रही हैं। नीतू ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, आज हमारे प्यार का जन्मदिन है। ईश्वर तुम्हें खूब आशीर्वाद दे।

रिद्धिमा ने भी राहा को बर्थडे विश किया है। उन्होंने अपनी बेटी समारा और राहा की एक तस्वीर इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट की, और कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो हमारी प्यारी नन्ही परी। हम सब तुम्हें बहुत प्यार करते हैं।

हालांकि, राहा की ये तस्वीर आलिया की बचपन की एक तस्वीर से हूबहू मिलती-जुलती दिख रही है। दोनों की झलक देखकर हर कोई हैरान है।

फैंस भी राहा को जन्मदिन विश कर रहे हैं। एक ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो राहा।, दूसरे ने लिखा, हमें राहा की एक तस्वीर दादी नीतू कपूर के साथ चाहिए।, इसके अलावा कई और यूजर्स ने राहा को विश किया।

बता दें, इससे पहले दिवाली के मौके पर भी राहा की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसमें वह रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ पूजा करती दिखीं।


# रणबीर कपूर स्टारर रामायण का पहला पोस्टर जारी : दिवाली 2026 और 2027 में रिलीज होगी फिल्म, प्रोड्यूसर ने किया कंफर्म

फिल्ममेकर नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म रामायण की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी गई है। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट 2026 और दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। बता दें, इस फिल्म में भगवान राम के रोल में रणबीर कपूर और सीता मां के रोल में साई पल्लवी कास्ट की गई हैं। वहीं रावण के रोल में यश देखे जाएंगे।

**देखिए फिल्म का पहला पोस्टर :** फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए प्रोड्यूसर नमिल मल्होत्रा ने लिखा- मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। जिसने 5000 वर्षों से अधिक समय तक अरबों दिलों पर राज किया है। मैं इसे खूबसूरती से आकार देते हुए रोमांचित हूं।

**हमारी टीम का केवल एक ही उद्देश्य है :** हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति- हमारे रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र रूप दुनियाभर के लोगों के सामने पेश करना। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने महानतम महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं।

**यश ने खुद बताया था कि वो फिल्म में रावण का रोल निभा रहे हैं :** कुछ समय पहले यश ने द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू इस बात की पुष्टि की थी कि वो फिल्म रामायण में रावण का रोल निभा रहे हैं। उन्होंने कहा था, 'एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए रावण का किरदार निभाना बहुत ही रोमांचक है। मुझे उनके किरदार की बारीकियां बहुत पसंद हैं।'




**रणबीर और साई की कास्टिंग पर भी लगाई थी मुहर :** रामायण पर बात करते हुए यश ने आगे कहा था, 'इस तरह के बड़े बजट की फिल्म बनाने के लिए आपको उस तरह के एक्टर्स को एक साथ लाने की जरूरत पड़ती है। फिल्म के मेकर्स के साथ मैं शुरुआत से ही जुड़ा हुआ था। मैं जब फिल्मों से ब्रेक पर था, उस दौर में हम इसी पर डिस्कस कर रहे थे। इस फिल्म के लिए पहले रणबीर, फिर मेरी और फिर साई पल्लवी की कास्टिंग हुई।'

**'रामायण' से जुड़ी कुछ खास बातें :** इसे 500 करोड़ से भी ज्यादा बजट में बनाया जाएगा। फिल्म को मधु मंटेना, अल्लू अरविंद और नमित मल्होत्रा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे।

# द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर रिलीज:गोधरा कांड पर आधारित फिल्म, इवेंट में अटपटे सवाल पूछे जाने पर चिढ़ीं एकता कपूर

विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 2002 के गोधरा कांड पर आधारित है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में एकता कपूर मीडिया से रूबरू हुईं और फिल्म से जुड़े सवालों के जवाब दिए। हालांकि, इस दौरान वह मीडिया के सवालों से थोड़ी परेशान भी नजर आईं।

फिल्म के ट्रेलर में क्या कुछ है खास? द साबरमती रिपोर्ट के ट्रेलर में दिखाया गया है कि यह फिल्म हिम्मत के साथ उस सच को सामने लाने की कोशिश करती है, जो 27 फरवरी 2002 की सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटित हुई थी। इसमें न केवल इतिहास को, बल्कि उस वक्त के सामाजिक और राजनीतिक संदर्भ को भी दिखाया गया है।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा पत्रकारों की भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि हिंदी और अंग्रेजी पत्रकारों के बीच विचारों का अंतर है, लेकिन इसके बाद भी कैसे ये दुखद घटनाओं की राजनीति और उनकी कवरेज को प्रभावित करते हैं।

ट्रेलर रिलीज इवेंट में एकता कपूर से पूछा गया कि क्या वह यह फिल्म देश के पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी दिखाएंगी? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मेरे दिल की तमन्ना है कि वे यह फिल्म देखें, लेकिन यह इतना आसान थोड़ी होता है कि एक कॉल किया और उन्होंने फिल्म देख ली। हालांकि, मैं चाहती हूं कि मीडिया से लेकर आम इंसान, हर कोई यह फिल्म देखें। इसके अलावा एकता से पूछा गया कि क्या यह फिल्म एक प्रोपेगेंडा है। इसका जवाब देते हुए एकता ने



कहा, मैं एक हिंदू हूं। हिंदू मतलब होता है सेक्युलर। मैं कभी भी किसी भी धर्म को लेकर ऐसा कोई कमेंट नहीं करूंगी क्योंकि मैं एक हिंदू हूं। मैं आपको यह बता देना चाहती हूं कि मैं हर एक धर्म का सम्मान करती हूं। आप फिल्म में देखेंगे कि मैंने किसी भी धर्म का विरोध किए बिना असली गुनहगारों का पर्दाफाश किया है। और यही एक अच्छे स्टोरीटेलर की पहचान होती है। 15 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया है, जबकि इसे शोभा कपूर, एकता कपूर, अमूल वी. मोहन, और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

जिंदगी मे एक किस्सा, गज़ब का देखा ज़िंदे को डूबता और मुर्दे को तैरता देखा
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कनाडा में मंदिर ही नहीं, गुरुद्वारों पर भी अटैक

## हिंदू बोले- 3-4 साल में माहौल बिगड़ा, खालिस्तान समर्थक धमकी भरे मैसेज भेज रहे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'उस दिन दिवाली वाला माहौल था। ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में इंडियन कॉन्सुलेट ने कैंप लगाया था। इस कैंप में लाइफ सर्टिफिकेट पर स्टैम्प लगाई जाती है। ये सर्टिफिकेट उन लोगों के पास होते हैं, जिनकी पेंशन भारत सरकार की तरफ से आती है।

उसी वक्त मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। लोग मंदिर से बाहर निकले, तो प्रदर्शनकारियों ने हमारे हिंदू भाई, महिलाओं और बच्चों पर हमला कर दिया। वे मंदिर में घुस गए।' नरेश कुमार कनाडा सनातन मंदिर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के ट्रस्टी हैं। हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स से भी जुड़े हैं। 3 नवंबर को ब्रैम्पटन के मंदिर में लोगों पर खालिस्तान समर्थकों के हमले के बाद दैनिक भास्कर ने उनसे बात की।

नरेश बताते हैं कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पिछले तीन-चार साल से कनाडा में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। खालिस्तान समर्थक, मंदिर के ट्रस्टियों को धमकी भरे मैसेज भेज रहे हैं। हमने नरेश के अलावा कनाडा में रह रहे कुछ और लोगों से भी बात की। पता चला कि ब्रैम्पटन की तरह ही कनाडा के दूसरे शहरों में भी उसी दिन ऐसी घटनाएं हुई थीं। सरे और कैलगरी में मंदिरों पर हमले की कोशिश की गई। मिसिसागा में गुरुद्वारे पर हमले की तैयारी थी। एक दिन पहले 2 नवंबर को वैंकूवर में गुरुद्वारे के बाहर प्रदर्शन हुआ था। पुलिस को शक है इन सभी घटनाओं में कनेक्शन हो सकता है।

## भारत बोला- हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें बांग्लादेश : चटगांव में हिंदुओं पर हमले की निंदा की; कहा- चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के चटगांव में हिंदुओं पर हुए हमले की भारत ने निंदा की है। बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बयान दिया। जायसवाल ने चटगांव में पैदा हुए तनाव के पीछे एक भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट को वजह बताया।

दरअसल चटगांव में इस्कॉम मंदिर और सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी से हिंदुओं में नाराजगी है। इसे लेकर मंगलवार को हजारों की संख्या में हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन किया था। विरोध में जब हिंदू संगठन सड़कों पर उतर आए तो आर्मी ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया।

उधर, चटगांव पुलिस के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर काजी तारेक अजीज ने बताया कि विवादित पोस्ट शेयर करने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। बांग्लादेश में अगस्त से अब तक हिंदुओं पर हमले के 250 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

घटना हजारी गली की, यहां रहते हैं 25,000 लोग बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना मंगलवार शाम की है। सुबह हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन रात 10 बजे फिर से अचानक पुलिस और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों ने हजारी गली इलाके में छापेमारी की। आरोप है कि इस दौरान स्थानीय हिंदुओं के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

हजारी गली इलाके में करीब 25,000 लोग रहते हैं, इनमें 90त्न हिंदू समुदाय के हैं। स्थानीय लोगों का कहना है, हादसे के बाद से सभी दुकानों में ताले लगे हैं और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इलाके में एक फार्मेसी चलाने वाले गौतम दत्ता ने भी बताया कि उन्होंने दुकान बंद कर दी थी, फिर भी आर्मी के जवानों ने उन्हें और उनके कर्मचारियों को पीटा।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हैं हमले कुछ ही दिन पहले, चटगांव में इस्कॉन संगठन के सचिव चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी उर्फ चंदन कुमार धर पर भी मामला दर्ज किया गया था। उन पर चटगांव के न्यू मार्केट में आजादी स्तंभ पर लगे नेशनल फ्लैग से ऊपर भगवा ध्वज फहराने का आरोप था। इस ध्वज पर सनातनी लिखा हुआ था।

बांग्लादेश में सरकार गिरने के बाद से ही अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा के कई मामले सामने आए हैं। अगस्त में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदुओं पर हमले के 205 मामले सामने आए थे।

# राहुल गांधी की सोच समाज को बांटने वाली : दीया कुमारी

## राधामोहन दास ने कहा-कांग्रेस के राजपूत नेता बताए क्या वो अंग्रेजों के दलाल थे, क्या राहुल गांधी सही बोल रहे है

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में छपे लेख के बाद देश में विवाद खड़ा हो गया है। उनके विचारों का बीजेपी नेता और राजपूत समाज के लोगों ने विरोध किया है। प्रदेश में उप मुख्यमंत्री व पूर्व राजपरिवार की सदस्य दीया कुमारी ने कहा कि राहुल गांधी को ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी नहीं हैं।

उनकी मानसिकता समाज को तोड़ने वाली है। मैं तो कहूंगी कि ब्रिटिश माइंडसेट तो राहुल गांधी का लगता है। जो जातियों और समाज को तोड़ना चाहते हैं। अगर आप इतिहास को पढ़ेंगे तो जानेंगे कि राजपरिवारों का योगदान सालों से हैं। देश के एकीकरण के लिए राजपरिवारों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वे अपनी राजनीतिक छवि को चमकाने के लिए दूसरों के परिवारों पर कीचड़ उछालना बंद करे और अपने संवैधानिक पद की मर्यादा को बनाए रखे। वहीं बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि उनके बयान से मैं तो आश्चर्यचकित था कि कोई राष्ट्रीय दल का नेता होकर ऐसी हल्की, घटिया और मूर्खतापूर्ण बात कर सकता है। एक बार इतिहास का तथ्य होता तो मान भी लिया जाता। लेकिन इतिहास इसके ठीक उल्टा है। पूरा देश राजपूत समाज के योगदान को खुले दिल से स्वीकार करता हैं।

### राजपूत समाज का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान

प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इस देश की आजादी के समय देश में 565 रियासतें थी। इनके पास लाखों एकड़ जमीने थी। इन रियासतो ने अगर भारत में स्वेच्छा से अपना विलय नहीं किया होता तो भारत पूरी तरह से टूकड़ों में बंटा हुआ एक देश होता। इन राजाओं ने इतना त्याग बलिदान दिया। उन्हें ऐसी गालियां दी जा रही हैं।

उस समय देश का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी समाज कोई था तो वह राजूपत समाज, क्षत्रिय समाज था। राजस्थान में राहुल गांधी की टिप्पणी को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता हैं। राजपूत समाज का अपना नहीं सहेगा राजस्थान।

उन्होने कहा कि कांग्रेस में भी कई राजपूताना परिवार के लोग है। उनके अंदर थोड़ी सी भी आत्मा हो तो उन्हें सामने आना चाहिए और कहना चाहिए कि हां हमारे नेता राहुल गांधी ने सही कहा है। हम अंग्रेजो के जड़ खरीद गुलाम थे। अंग्रेजो के दलाल थे, घुसपैठियां थे।

# आतंकवाद के खिलाफ मजबूत इकोसिस्टम : अमित शाह

## कहा : आतंकियों की उम्र पहले से घटी, पीएम के जीरो टॉलरेंस नारे को दुनिया ने अपनाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दो -दिवसीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 का इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाए है। इससे आतंकवाद से लड़ने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नारे को केवल भारत ने ही नहीं पूरी दुनिया ने अपनाया है।

अमित शाह ने आगे कहा कि ये सम्मेलन भारत के सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए सिक्योरिटी एजेंसियों के बीच तालमेल को बढ़ाएगा। दिल्ली में चल रहे नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के इस सम्मेलन में पिछले कुछ सालों से आतंकवाद के खिलाफ हुई कार्रवाई में आई समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीनियर पुलिस अधिकारी, स्पेशल सिक्योरिटी एजेंसी, फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट शामिल होंगे।

शहीदों के परिवारों को धन्यवाद दिया सम्मेलन में संबोधन के दौरान अमित शाह ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल बीत चुके हैं। अब तक देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए 36,468 पुलिसकर्मियों ने



शहादत दी है। उन सभी को शहीदों के परिवारों को धन्यवाद देना चाहता हूं। अमित शाह ने कहा कि आतंकवादी हमलों से सटीक तरीके निपटने के लिए युवा ऑफिसर्स को हाई लेवल तकनीकों से लैस करना होगा। इसे उनकी ट्रेनिंग में अहम हिस्सा बनाया जाएगा।

### राज्यों पर हुए हमलों में पुलिस की जिम्मेदारी

अमित शाह ने कहा कि राज्यों पर हुए हमलों में लड़ाई पुलिस को ही करनी होगी। हालांकि सूचना देने से लेकर कार्रवाई करने तक सभी केंद्रीय एजेंसियां साथ देंगी।

# शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी

## रायपुर से धमकी भरा फोन आया, मुंबई पुलिस पहुंची; केस दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई।** सलमान खान के बाद अब शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। मोबाइल पर धमकी मिलने के बाद शाहरुख की टीम ने शिकायत दर्ज करवाई है। मुंबई पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी मिलने के बाद शाहरुख के घर मन्नत के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (4), 351 (3)(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिस नंबर से धमकी दी गई है, वह छत्तीसगढ़ के फैजान नाम के शख्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। नंबर ट्रेस होते ही मुंबई पुलिस रायपुर पहुंच गई है। मामला 5 नवंबर का बताया जा रहा है। डीसीपी के अनुसार, बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था। इसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा, बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। अगर मुझे 50 लाख नहीं दिए गए तो शाहरुख खान को जान से मार दूंगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला, मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है। साल 2023 में भी शाहरुख खान को पठान और जवान फिल्म की कामयाबी के बाद लगातार धमकियां मिली थीं।

# मालेगांव ब्लास्ट केस-प्रज्ञा को एनआईए कोर्ट का वारंट

## पूर्व सांसद ने ट्वीटर पर लिखा-कांग्रेस का टॉर्चर मृत्युदायी कष्ट

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए कोर्ट ने भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ 10 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी करते हुए 13 नवंबर तक कोर्ट में पेश होने को कहा है। कोर्ट का वारंट जारी होने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने अपनी एक तस्वीर ट्वीटर पर शेयर करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है। तस्वीर में प्रज्ञा के चेहरे पर काफी सूजन नजर आ रही है। इस पर उन्होंने कहा- कांग्रेस के टॉर्चर सिर्फ एटीएस कस्टडी तक ही नहीं मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदायी कष्ट का कारण हो गए। प्रज्ञा ठाकुर के करीबियों ने बताया कि पूर्व सांसद दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हैं। उनके चेहरे पर सूजन है। उन्हें देखने में भी दिक्कत आ रही है।

### मालेगांव केस में एनआईए कोर्ट ने जारी किया है वारंट

दरअसल, एनआईए कोर्ट ने मंगलवार (6 नवंबर) को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद



साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ 10 हजार का जमानती वारंट जारी किया है। इसके साथ ही उन्हें 13 नवंबर तक कोर्ट में पेश होने को कहा है। इससे पहले प्रज्ञा को मुंबई में ही रहकर इलाज कराने और पेशी पर हाजिर होने का कोर्ट ने आदेश दिया था।

### मालेगांव ब्लास्ट केस में आरोपी हैं प्रज्ञा ठाकुर

भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में आरोपी हैं। 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

# गोपालगढ़-दंगा केस में सीएम भजनलाल की स्थायी हाजिरी माफी खारिज़

**जयपुर।** गोपालगढ़ दंगा केस में सीएम भजनलाल शर्मा की स्थायी हाज़िरी माफी के प्रार्थना पत्र को एडीजे-4 अदालत ने खारिज़ कर दिया हैं। जज़ अनामिका सहारण ने सीएम के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए कहा कि मामले में ऐसी कोई परिस्थिति नही है कि सीएम को अदालत में पेश होने से स्थायी रूप से छूट दी जाए। सीएम भजनलाल की ओर से दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि प्रार्थी राजस्थान का मुख्यमंत्री हैं। अक्सर राजकार्य से प्रार्थी को जयपुर से बाहर जाना होता है। राजकार्य से विदेश भी जाना होता हैं। अत प्रार्थना पत्र स्वीकार करके स्थायी हाजिरी माफी प्रदान की जाए।

**भजनलाल जमानत पर बाहर है**-अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त जमानत पर बाहर हैं। मामला साक्ष्य अभियोजन की स्टेज पर हैं। वहीं अभियुक्त को इसी शर्त पर जमानत दी गई थी कि वो न्यायालय को आवश्यकता होने पर उपस्थित होता रहेगा।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# छठ के मौके पर बोले सीएम योगी : कांग्रेस की वही स्थिति हो जाएगी, जो जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का हुआ...

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छठ महापर्व के अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ में गोमती घाट पर लक्ष्मण मेला मैदान पहुंचे और छठ पर्व में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने वहां छठ पूजा किया और इसके बाद मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज छठ मां पर न केवल भोजपुरी समाज का बल्कि अखिल भारतीय समाज का उत्सव बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि भोजपुरी समाज आज संपूर्ण विश्व में छठ की सुगंध को अपने साथ ले जाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है।

छठ महापर्व की हृदय से बधाई एवं इस आयोजन हेतु अखिल भारतीय भोजपुरी समाज को ढेरों शुभकामनाएं! उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि हमारे पर्व और त्योहार तभी तक जीवित है, जब तक हमारा राष्ट्रीय धर्म जीवित है। पर्व-त्योहार हमें जोड़ते हैं। लेकिन हमारा राष्ट्रीय धर्म भी होना चाहिए। राष्ट्रीय धर्म में हर काम देश के नाम होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही करते हैं और उनका संकल्प भी यही है। उन्होंने साफ तौर कहा कि हम जहां पर्व-त्यौहार के माध्यम से लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं तो कुछ लोग ऐसे भी हैं जो भारत में रहकर भारत की संस्कृति, भारत के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य जो लोग भी कर रहे हैं, किसी भी भारतवासी को यह बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब 140 करोड़ भारतवासी एकजुट होकर एक साथ बोलते हैं तो पूरी दुनिया हमारी बात सुनती है।

योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान जम्मू कश्मीर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा 370 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में हटाए। उन्होंने कहा कि 370 समाप्त कर मोदी सरकार ने आतंकवाद पर अंतिम कील ठोकने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को लगा कि यह नया भारत है। यह नया भारत किसी का नुकसान नहीं पहुंचाएगा। लेकिन अगर कोई इस भारत को छेड़ेगा तो छोड़ेगा भी नहीं। यह भारत ना झुकेगा, ना डिगेगा। हमेशा आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अपनी एकता और अखंडता को मजबूत रखेगा। उन्होंने कहा



कि कश्मीर में कांग्रेस के समय में उसे आतंकवाद का घर बनाने की कोशिश की गई थी। बाबा साहब अंबेडकर के संविधान में जो कुछ लिखा गया था उसे अलग किया गया। किसी ने भी हिम्मत नहीं दिखाई। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां से 370 हटाई। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर में पत्थर बाज पहले पत्थर मारते थे, आज वही कश्मीर एक बार फिर से भारत का स्वर्ग बनने की ओर अग्रसर है।

जम्मू कश्मीर के विधानसभा में धारा 370 के हटाए जाने के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। इसको लेकर भी योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस इसको बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह देश को आतंकवाद की तरफ बढ़ना चाहते हैं। पूरा देश इसे देख रहा है। हम सब इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने से बाज आना चाहिए। योगी ने तंज भरे लहजे में कहा कि भारत में कांग्रेस की वही स्थिति हो जाएगी, जो जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए की हो चुकी है।